



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 209 | ग्वालियर बुधवार 5 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




# राम नगरी 'दुल्हन' की तरह सजकर तैयार, भूमि पूजन आज

**अयोध्या ।** अयोध्या विवाद पर शीर्ष अदालत के फैसले से मिली खुशी वर्तमान में श्रीराम मंदिर के भूमिपूजन से भक्ति भाव के पंख लगाकर आकाशीय तरंग में परिवर्तित हो गयी है। अयोध्या की हर गली, हर सडक, हर चैराहा और हर रामभक्त प्रभु श्रीराम की भक्ति के रंग में रंग दिख रहा है। कल बुधवार पांच अगस्त को श्रीराम मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर हर अयोध्यावासी उत्साहित है। वहीं दूसरी ओर पांच अगस्त को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम के लिये भगवान राम की नगरी अयोध्या को 'दुल्हन' की तरह सजाया गया है। भव्य राम मंदिर निर्माण के लिये होने वाले इस एतिहासिक भूमि पूजन कार्यक्रम में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। राज्य की राजधानी लखनऊ तथा अन्य पड़ोसी जनपदो से अयोध्या जाने वाली अधिकतर सड़कें भगवान राम के प्रस्तावित मंदिर और राम लला के बड़े-बड़े पोस्टरों, बैनरों और होर्डिंग से सजी है और गुजरने वाले हर आदमी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अयोध्या में अभिजीत मुहूर्त में रामजन्म भूमि स्थल पर नींव में चांदी की शिला रख कर मंदिर का शिलान्यास करेंगे। इस दिव्य व भव्य आयोजन पर देश ही नहीं बल्कि दुनिया की निगाहें लगी हैं। उप्र के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और उनकी सरकार ने इस आयोजन को शांति, सौहार्द व गरिमा के साथ सम्पन्न कराने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था और सोशल डिस्टेंसिंग अपनी जगह मुस्तैद है।योगी सरकार इस एतिहासिक व सांस्कृतिक तौर पर गौरान्वित करने वाली परिघटना को यादगार बना देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।



## प्रधानमंत्री सबसे पहले अयोध्या के राजा के यहां नवायेंगे शीष



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बुधवार को अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य और दिव्य मंदिर का श्रेष्ठ विद्वानों और कर्मकाण्डियों की मौजूदगी में भूमि पूजन करेंगे। लेकिन इस कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या के राजा महावीर हनुमान के आगे शीष नवायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के मद्देनजर राम नगरी के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर को सजाया गया है। प्रधानमंत्री बुधवार को सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर जाएंगे। अयोध्या में एक प्रथा है कि भगवान राम के दर्शन करने से पहले श्रद्धालु हनुमान जी का दर्शन करते हैं। कोविड-19 के प्रोटोकाल ने हनुमान गढ़ी के महंत से लेकर सेवकों तक को निराष किया है। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बताया कि मंदिर में हम सभी लोगों ने प्रधानमंत्री को गदा, मुकुट, चांदी की ईंट, अंगवस्त्रम और एक पगड़ी भेंट करने की तैयारी की थी मगर कोविड-19 प्रोटोकॉल की वजह से अब यह संभव नहीं हो पाएगा, लिहाजा हमने प्रधानमंत्री को भेंट देने का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है।

## ऐसा दिखेगा अयोध्या का भव्य राम मंदिर प्रस्तावित मॉडल



अयोध्या में भव्य राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए सभी तैयारियां हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अगस्त यानी विशेष मुहूर्त में भूमि पूजन करेंगे। इस बेहद ही खास मौके के लिए अयोध्या को पूरी तरह से सजा दिया गया है और सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। भूमि पूजन के साथ ही सबके जहन में एक सवाल उठ रहा है कि आखिर राम मंदिर दिखेगा कैसे? इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की है श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने। ट्रस्ट के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भव्य राम जन्मभूमि मंदिर के प्रस्तावित मॉडल के कुछ चित्र साझा किए गए हैं। मंगलवार को ट्रस्ट ने इन तस्वीरों को जारी करते हुए लिखा श्री राम जन्मभूमि मंदिर विश्व में भारतीय स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर भव्यता और दिव्यता की अद्वितीय कृति के रूप में विश्व पटल पर उभरेगा। ट्रस्ट ने कुल आठ तस्वीरें जारी की हैं। इसमें मंदिर के मॉडल के साथ ही मंदिर के अंदर और बाहर के स्वरूप की तस्वीरें हैं। ट्रस्ट द्वारा जारी की गई तस्वीर विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रस्तावित मॉडल से मिलती-जुलती है।

## भूमि पूजन के चलते बॉर्डर पर अलर्ट

अयोध्या मे बुधवार को भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने के मद्देनजर बलरामपुर जिले से सटी नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने मंगलवार को बताया कि बुधवार को अयोध्या मे प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम के मद्देनजर जिले से लगी नेपाल की 87 किलोमीटर की सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त पेट्रोलिंग जारी है। जंगल से सटे इलाकों में भी पेट्रोलिंग कर अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पांच स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है और ऐसे 41 प्वाइंट चिह्नित किये गये हैं जो नेपाल बॉर्डर से मिलते हैं। इनमें कच्चे रास्ते और पगडंडियां भी शामिल हैं। पुलिस और सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की संयुक्त टीम इन मार्गों से आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन चेकिंग कर रही है।



## मंदिर निर्माण के साथ होगी रामराज की स्थापना



आज एक संकल्प पुरा हुआ है। श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। राम मंदिर के निर्माण कार्य के साथ राष्ट्र निर्माण का यज्ञ भी प्रारंभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति का यह परिणाम है कि उन्होंने लाखों लाख श्रद्धालूओं, राम भक्तों के अनुरूप राम मंदिर निर्माण की परिकल्पना को साकार किया है। मुझे पूरा विशवास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में रामराज की स्थापना देश में होगी।

**जय श्री राम**

**शिवराज सिंह चौहान**
**मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश**

## कोरोना के बीच भारी बारिश से मुंबई में जनजीवन अस्त-व्यस्त



**मुंबई, ।** मुंबई और आसपास के जिलों में हो रही भारी बरसात ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. सोमवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते शहर के अधिकांश इलाके पूरी तरह से जलमग ?न हो गए हैं. सड़कों पर पानी भरा हुआ है. इससे बसों से लेकर मुंबई लोकल ट्रेन का संचालन प्रभावित हुआ है. वहीं कुछ लोगों को 26 जुलाई 2005 की बारिश और बाढ़ का मंजर भी याद आ गया है. लगातार हो रही बारिश से मुंबई के लोगों में डर भी दिख रहा है. कुछ लोगों ने ट्विटर पर कहा कि उन्?होंने 26 जुलाई, 2005 के बाद से ऐसा मंजर नहीं देखा है. उस समय तेज बारिश और बाढ़ में करीब 1000 लोगों की मौत हुई थी. एक तरफ लोग कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं और अब भारी बारिश ने मुंबई को हिला कर रख दिया है. आलम यह है कि कई निचले इलाकों में घरों में पानी घुस गया है तो रेलवे पटरी पर पानी भरने की वजह से अत्यावश्यक सेवा के तहत चल रही लोकल रेल सेवाएं ठप हो गई. विशेष लोकल ट्रेनों की सेवाएं विरार-अँधेरी-बांद्रा और बांद्रा-चर्चगेट के बीच अस्?थाई रूप से टाल दी गई हैं. वहीं सीएसएमटी और कुर्ला के बीच हार्बर लाइन को भी बंद किया गया है. दोपहर 12 बजे से समुद्र में 4.5 मीटर उंचा हाई टाइड आने से बरसात का पानी निचले इलाकों में भर गया. घरों और दुकानों में पानी भर गया. मनपा ने पानी निकालने के लिए 299 पंप लगाए थे जो भारी बरसात के आगे नाकाफी साबित हो रहे हैं. बारिश से सड़कों पर 3 से 4 फुट तक पानी जमा होने से जगह-जगह लोग अपने वाहनों के साथ फंसे रहे. सांताक्रुज में दो घर नाले में समा गए. जिसमें रहने वाले 4 लोग नाले में बह गए. उधर मलाड और कांदिवली के बीच वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर पहाड़ी खिसक गई, जिसका मलबा हायवे पर गिरने से मीरा रोड़ से मुंबई की तरफ आने वाला पूरा रास्ता अवरुद्ध हो गया. वहीं कई स्थानों पर पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. मनपा ने मुंबई और उपनगर के सभी अत्यावश्यक सेवा को छोड़ कर सभी कार्यालयों को बंद रखने का आदेश जारी किया है. जिसके बाद सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई. मानपाकर्मी पानी में बंद पड़ी बसों और दूसरे वाहनों में फंसे लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगे रहे.

## कमलनाथ मध्य प्रदेश की तरफ से 11 चांदी की ईंटें अयोध्या भेजेंगे



**भोपाल।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर देश भर में जश्न और उत्साह का माहौल है. राम मंदिर का शिलान्यास बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. भूमिपूजन से पहले, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है, जिसका पूरे देश को इंतजार था. कमलनाथ ने कहा कि हम मध्य प्रदेश के लोगों की ओर से अयोध्या में 11 चांदी की ईंटें भेज रहे हैं. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसके लिए दान दिया. यह एक ऐतिहासिक दिन है, जिसका पूरे देश को इंतजार था. राज्य के लोगों के कल्याण के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. इससे पहले, उन्होंने राज्य की समृद्धि के लिए अपने निवास पर हनुमान चालीसा का पाठ किया. इसके साथ ही, कई अन्य नेताओं ने भी अपने घरों और मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया.

## पाकिस्तान की नापाक हरकत पुंछ के अग्रिम इलाकों में गोलाबारी की



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर अग्रिम इलाकों में भारी गोलाबारी की जिसका भारतीय सैनिकों ने भी माकूल जवाब दिया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा पर स्थित मनकोट सेक्टर की देबराज पट्टी के अग्रिम इलाकों में भी भारी गोलाबारी की। रक्षा प्रवक्ता ने बताया सुबह करीब सात बजे, पाकिस्तान की सेना ने पुंछ जिले के कृष्णघाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की तथा मोर्टार से गोले दागे।उन्होंने बताया कि भारतीय सेना इसका जवाब दे रही है।पिछले महीने पाकिस्तानी सेना ने संघर्षविराम का 47 बार उल्लंघन किया था। जुलाई में उसने राजौरी, पुंछ, कुपवाड़ा तथा बारामूला जिलों में लगभग हर रोज नियंत्रण रेखा पर स्थित इलाकों में गोले बरसाए थे।

## पाकिस्तान की अदालत ने तीन वरिष्ठ वकीलों को कुलदीप जाधव केस के लिए न्याय मित्र नियुक्त किया



**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने कुलभूषण जाधव मामले में तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं को न्याय मित्र नामित किया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आबिद हसन मंटो, हामिद खान और पाकिस्तान के पूर्व अटॉर्नी जनरल मखदूम अली खान को कानूनी सहायता के लिए न्याय मित्र नियुक्त करते हैं. भारत ने जाधव को राजनयिक पहुंच न देने और मौत की सजा को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का रुख किया था. हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने जुलाई 2019 में फैसला दिया था कि पाकिस्तान को जाधव की दोषसिद्धि एवं सजा की प्रभावी समीक्षा एवं पुनर्विचार करना चाहिए और बिना किसी देरी के भारत को राजनयिक पहुंच देने की अनुमति भी देनी चाहिए. इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति मियांगुल औरंगजेब की पीठ ने जाधव के लिए वकील नियुक्त करने की पाकिस्तान सरकार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए तीन वकीलों को नियुक्त किया.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


## राम मंदिर भूमि पूजन में नहीं शामिल होंगे कल्याण सिंह, उमा भारती, विनय कटियार



**लखनऊ।** राम जन्म भूमि आंदोलन से प्रमुख रूप से जुड़े कई महत्वपूर्ण लोग मंदिर के भूमि पूजन के दौरान मौजूद नहीं रहेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और डा. मुरली मनोहर जोषी के अलावा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती तथा बजरंगी के नाम से विख्यात विनय कटियार भी कल पांच अगस्त को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में नजर नहीं आएंगे। चर्चा थी कि यह सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पांच अगस्त को भूमि पूजन करने के मौके पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। लेकिन विहिप की तरफ से इन्हें निमंत्रण नहीं दिया गया है। पहले कल्याण सिंह ने पांच अगस्त को अयोध्या पहुंचने पर अपनी मंजूरी दे दी थी। बताते हैं कि अयोध्या की जिलाधिकारी ने उन्हें फोन कर उन्हें अयोध्या आने के लिए तैयारी करने का अनुरोध किया था। इसके बाद कल्याण सिंह विहिप के निमंत्रण का इंतजार करते रहे, लेकिन भूमि पूजन के एक दिन पहले तक उन्हें निमंत्रण नहीं मिला। इसी तरह पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती ने खुद बताया था कि उन्होंने राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और विहिप के महामंत्री चंपत राय से बात कर ली है। अब वह पांच अगस्त को भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि वह चार अगस्त को ही अयोध्या पहुंच जाएंगी और वहां छह अगस्त तक रहेंगी। अपने कार्यक्रम को लेकर उन्होंने ट्वीट भी किया। विहिप के सूत्रों के अनुसार लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी की तरह कल्याण सिंह की अस्वस्थता के कारण उन्हें भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए निमंत्रण नहीं दिया गया। इसी तरह विनय कटियार भी अस्वस्थता के चलते भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहेंगे।

# भगवान श्री राम के जयकारों की आवाज अयोध्या तक पहुंचाई गई



**पाली नरेश कुमार सिरवी की रिपोर्ट/**भगवान श्रीराम के जयकारों की आवाज आज ग्रामीणों द्वारा अयोध्या तक पहुंचाई/जिले के पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वडेर वास के ग्राम रामपुरा मैं भाजपा हेमावास मंडल के महामंत्री नरेश मालवीय के नेतृत्व में आज ग्रामीणों द्वारा भगवान श्रीराम के जयकारों की आवाज अयोध्या तक पहुंचाई गई/भूमि पूजन को लेकर स्थानीय ग्रामीण आज काफी उत्साहित नजर आए/जिसके चलते आज रामपुरा के संपूर्ण ग्रामीणों द्वारा भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए/नरेश मालवीय द्वारा बताया गया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम के जन्म भूमि पर भूमि पूजन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे/जिसमें आज स्थानीय ग्रामीणों की महिलाओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ शांति का संदेश के प्रति संपूर्ण भारतवर्ष के आम जनता से अपील की और बताया कि इस समय हमें शांति का संदेश के साथ आगे बढ़ना होगा/और 5 अगस्त 2020 को भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन होने जा रहा है इस दौरान हमें भगवान श्री राम के चरणों में हमारी आवाज पहुंचे/जिसमें आज ग्रामीण काफी खुश नजर आए महिलाओं द्वारा बताया गया कि भूमि पूजन का दिन ऐतिहासिक माना जाएगा और आज और कल 2 दिन ग्रामीणों द्वारा दीपावली मनाई जाएगी जिसमें भगवान श्री राम की पूजा के अलावा घर-घर दीपक जलाए जाएंगे/इस प्रकार जिले में कई गांवों में आज ग्रामीणों द्वारा भगवान श्री राम के जयकारे के साथ नारे लगाए/नरेश मालवीय द्वारा बताया गया कि सोशल डिस्टेंस का पूर्ण रूप से ध्यान में रखते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे/लेकिन विश्वव्यापी महामारी के चलते सामान्य पूर्वक कार्यक्रम ही आयोजित किए जाएंगे/महिलाओं द्वारा बताया गया कि 5 अगस्त 2020 को भगवान श्री राम के जन्म भूमि पर भूमि पूजन के दिन व्रत रखा जाएगा और शाम को भगवान श्री राम की पूजा करके व्रत खोला जाएगा/स्थान संपूर्ण ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 5 अगस्त 2020 को दीपावली की तरह घर-घर दीपक जलाए जाएंगे और शांति सद्भावना प्रेम का संदेश के माध्यम से भगवान श्री राम की पूजा की जाएगी

## भाई की तरह पेड़ भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा :-तृप्ति वैष्णव

**हापुष्पांजली टुडे जोधपुरः-**

भाइयो के साथ पेड़ पौधों को भी बांधी राखियां पर्यावरण संजीवनी संस्थान की अनूठी पहल,पर्यावरणप्रेमीयो ने पेड़ो को राखी बांधकर लिया रक्षा करने का संकल्प भारत मे आज रक्षाबंधन का त्योहार की धूमधाम से मनाया जाता है जहाँ पर बहिने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र का धागा बांधकर अपने जीवन भर तक भाइयो से सुरक्षा एव भाई के जीवन



मे खुशहाल हो ऐसी कामना बहिन राखी बांधकर भगवान से कामना करती है उसी तरह पर्यावरण संजीवनी संस्थान के तहत क्षेत्र में संस्था द्वरा लगाए गए पोधो को महिला सदस्य के साथ पुरुष सदस्य भी पेड़ पौधों को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रक्षा सूत्र का धागा बांधकर पेड़ पौधों की रक्षा का संकल्प लेते हुए नजर आए ।इस मौके पर अध्यक्ष गोविन्द सीरवी ने बताया कि संस्था के सदस्यों द्वरा जो हर साल पोधे लगाए जाते है उसमे से जो पोधे है उसे सदस्यों द्वारा रक्षा सूत्र का धागा बांधकर का पेड़ की रक्षा करने एव उनका लालन पालन करने का संकल्प लिया जाता है उधर तृप्ति वैष्णव ओर सिमरन ने बताया कि मैने अपने भाइयों के साथ साथ पहली बार दोनो बहनों ने मिलकर पर्यावरण संजीवनी संस्थान के तहत लगाए गए पेड़ पौधों को राखी बांधकर पेड़ पौधों की रक्षा करने का संकल्प लिया । इस मौके ओर संस्था के अध्यक्ष गोविंद सीरवी, कोषाध्यक्ष अशोक कुबावत,सचिव प्रवीण सोनी,तृप्ति वैष्णव, सिमरन वैष्णव ,अजय वर्मा, संजेश जैन,चिराग वर्मा,प्रफुल्ल आगलेचा जयनारायण विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि , कमल जीनगर, अनवर खा ,सहित कई जने मोके ओर मौजूद थे ।

## आबकारी विभाग द्वारा लगभग 100000 की शराब जप्त

**मोहन मांझी**

गोहद मालनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुकडा के पास माता के पुरा से आबकारी विभाग की टीम द्वारा अवैध रूप से बनाई जा रही शराब पकड़ी जिसमें



एक मशीन हैंडलिंग 6 ड्रम खाली 2 कैन मैं प्लान मदिरा लगभग 50 लीटर 4 कैन खाली 6000 खाली पाव 38 पेटी प्लेन मदिरा के साथ आरोपी ज्ञान सिंह तोमर पुत्र बैजनाथ सिंह तोमर निवासी माता का पूरा थाना मालनपुर को उक्त माल के साथ आबकारी विभाग पुलिस ने मौके से पकड़ा एवं सभी माल जप्त किया इस टीम में मुख्य रूप से एसएम खान सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुख्य आरक्षक यदुनाथ सिंह तोमर आरक्षक राकेश कुशवाह वेद प्रकाश दुबे शिरोमणि सिंह हरिओम शर्मा एवं बृजेश कुमार की मुख्य भूमिका रही

## कोरोना पोजिटिव निकलते ही नप ने सेनेटाइज़र कर किया वार्ड को शील्ड

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

दबोह नगर में सोमबार की शाम फिर से कोरोना पॉजिटिव निकलते ही नगर में पुनः हलचल पैदा हो गई है।विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि दबोह वार्ड नम्बर 05 निवासी सीताराम गुप्ता उम्र लगभग 74 वर्षीय वृद्ध की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है।जिसके बाद नगरीय प्रशासन भी सख्त हो गया और जनता परेशान भी।यहां बता दें कि वार्ड नम्बर 05 कटरा मोहल्ला को मुख्य नप अधिकारी एन आर खेंगर ने सुबह मौके पर अमल के साथ पहुंचकर पूरी तरह से सेनेटाइज कराया व पूरी तरह से वार्ड नम्बर 05 कटरा मोहल्ला को शील्ड किया।इसी के साथ उन्होंने कोरोना पोजिटिव निकले व्यक्ति की दुकान के आस पास की दुकानों को भी सेनेटाइज कर पुलिस प्रशासन की मदद से दुकानों को बन्द कराया और उनके परिवारजन,मोहल्ले वासियो व सम्पर्क में आये लोगो से सेम्पलिंग कराने व सेम्पलिंग की रिपोर्ट न आ जाने तक घर मे ही रहने की बात कही।



**सम्पर्क में आये लोग कराएं अपनी सेम्पलिंग- मेडिकल ऑफीसर**

### सम्पर्क में आये लोग भी कराएं सेम्पलिंग-डॉ.निशान्त यादव

पुनः दबोह नगर के व्यक्ति की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आते ही दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडीकल ऑफिसर डॉ.निशान्त यादव ने बताया कि दबोह नम्बर 05 में निकले कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के घर व दुकान पर सम्पर्क में आये लोग भी अपनी सेम्पलिंग कल 05 अगस्त को दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर जरूर कराएं।उन्होने दबोह नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि कृपया सभी लोग घरो में ही रहे और केवल जरूरत पड़ने पर ही घरो से बाहर निकलें व मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग अवश्य करें।।

## पेड़ पर झूला झूलते समय अचानक रस्सी टूटने से महिला हुई घायल

**मोहन मांझी**

गोहद /सुरेखा पत्नी सुरेश नरवरिया उम्र 35 साल निवासी सेयपुरा अपने पिता नाथू सिंह नरवरिया निवासी आलमपुरा के यहां रक्षाबंधन मनाने के लिए आई हुई थी परंतु दिन में 3ः30 बजे घर के बाहर पेड़ पर झूला झूलते समय अचानक झूले की रसीद टूटने के कारण जमीन पर गिर पड़ी, जिसके कारण सुरेखा की हाथ व पैर में एवं कमर की हड्डी में चोट आई, पड़ोसियों ने तुरंत 108 पर सूचना दी गोहद थाना चौराहा 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी एवं उनके सहयोगी ईएमटी राहुल दंडोतिया बिना समय गवाएं शीघ्र ही आलमपुरा पहुंचे वहां से सुरेखा को लेकर शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव भर्ती करवाया, प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल ऑफिसर मनोहर लाल ने सुरेखा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत जिला चिकित्सालय भिंड के लिए वहीं पास में खड़ी मेहगांव थाना 108 के द्वारा रेफर कर दिया पायलट नरेंद्र नरवरिया एवं उनके सहयोगी ईएमटी नरेंद्र जैन ने बिना समय गवाएं सुरेखा को शीघ्र जिला चिकित्सालय भिंड में भर्ती करवाया जिससे उसे समय पर सही उपचार मिल सके



## नप ने बैंक सहित नगर को कराया सेनेटाइज व कीटनाशक दवाओं का हुआ छिड़काव

**दबोह।** विश्व व्यापी महामारी कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने कोरोना नामक महामारी से निपटने के लिए लगातार नगर के नाले नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व सेनेटाइज किया जा रहा है।इस दौरान नप अधिकारी के आदेशानुसार कर्मचारियो ने यूको बैंक,उप तहसील कार्यालय,मन्दिर के साथ गली व वार्ड को पुनः सेनेटाइज किया है और लोगो से ज्यादातर घरो में ही रहने को अपील की गई।यहां बता दें कि नगर परिषद दबोह के द्वारा पूर्व में भी भिण्ड कलेक्टर के आदेशानुसार नगर में कीटनाशक दवा का छिड़काव व पाउडर का भी छिड़काव कराया गया है जिससे मच्छरो व कोरोना वायरस के प्रकोप से बचा जा सके।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने बताया कि नगर के हर घर व दुकान को सेनेटाइज कराया जाना है जिसमे से कुछ जगहो पर सेनेटाइज हुआ है जल्द ही पूरे नगर को सेनेटाइज किया जाएगा।कोरोना वायरस के चलते सीएमओ ने जनता से अपील की है कि वह खुद सुरक्षित रहे और दूसरों को रखें।उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए बार-बार अपने हाथों को हैंड वाश,साबुन या पानी से अच्छी तरह साफ करें।छींकते और खांसते समय अपने मुह व नाक को टिशु या रुमाल से ढंके।



## अयोध्या में राम मंदिर भूमि पूजन से पहले करैरा में कांग्रेस नेता मानसिंह फौजी ने घर में सजाया राम दरबार।



करैरा मध?य प्रदेश के पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ के आह्वान पर पूरे मध्यप्रदेश में मंगलवार को भगवा रंग में रंग कर सभी नेताओं ने अपने अपने घरों पर अपने कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में राम दरबार सजा है. अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए आज होने जा रहे भूमि पूजन से ठीक एक दिन पहले करैरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बिग्रेड मानसिंह फौजी के निवास पर राम दरबार लगाया गया . यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है. कांग्रेस नेता मानसिंह फौजी के आवास पर हो रहे इस कार्यक्रम में परिवार और पार्टी के कुछ नेता मौजूद हैं. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बिग्रेड मानसिंह फौजी ने कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को उद्बोधन में कहा है कि वह 4 अगस्त की शाम को घर में रहते हुए हनुमान चालीसा का पाठ करें. प्रदेश के विकास और कोरोना से मुक्ति की कामना करें. । कांग्रेस नेता मानसिंह फौजी के हनुमान चालीसा के पाठ को कांग्रेस ने अब अयोध्या में होने वाले राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम का जवाब बना लिया है. इसके लिए कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता को हनुमान चालीसा का पाठ करने की सलाह दी गई है।

## नोजोटो ऐप्प कलाकारों को बना रहा आत्मनिर्भर और आर्थिक तौर पर सक्षम

**पंकज त्रिपाठी, भोपाल**

कोरोना काल में जब देश में हर कोई जीवन के लिए झूझ रहा है ऐसे में लाखों प्रतिभावान कलाकार की अपनी आजीविका चलने की जद्दो जेहद कर रहे हैं। ऐसे में भारत के स्वदेशी कंटेंट ऐप्प नोजोटो ने बीते दिनों आर्टिस्ट मॉनेटाइज़शन लांच करके लाखों को कलाकारों को अपनी प्रतिभा के माध्यम से पैसे कमाने का मौका देकर एक नयी उम्मीद जगाई है। नोजोटो ऐप्प पर हर दिन अलग अलग कला क्षेत्रों के कलाकारों की लाइव पर्फॉर्मन्सेस और पेड शोज आयोजित किये जा रहे हैं।जिनसे ना केवल कलाकार को नयी दिशा मिली है बल्कि श्रोतागण भी इसका लुत्फ़ उठा रहे हैं और उन्हें एंटरटेनमेंट का नया जरिया मिल गया है।नोजोटो की आर्टिस्ट मॉनीटाइज़शन टीम के सदस्य नीर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया की भारत की जमीन पर लाखों प्रतिभावान कलाकार हैं जो किसी ना किसी मोड़ पर आर्थिक तंगी या नियमित आय ना होने की वजह से कला का दामन छोड़ देते हैं।बस ऐसे ही अनेको कलाकारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए नोजोटो टीम ने चार महीने की कड़ी मेहनत के बाद नोजोटो लाइव फीचर लॉन्च किया है। नीर आगे बताते हैं की देश के किसी भी शहर में रहने वाला प्रतिभावान कलाकार नोजोटो पार्टनर प्रोग्राम से जुड़कर लाइव शोज के माध्यम से पैसे कमा सकता है बल्कि अपने हुनर को लाखों लोगों तक पंहुचा सकता है।इससे जुड़ने के लिए कोई भी कलाकार अपना परिचय, विधा, पुरानी पर्फॉर्मन्सेस की वीडियो लिंक्स, सोशल मीडिया प्रोफाइल्स, कांटेक्ट नंबर और शो का कांसेप्ट या आईडिया लिखकर नोजोटो टीम को creator@nojoto.com पर मेल कर सकते हैं।जिसके आधार पर नोजोटो टीम कलाकार को नोजोटो पार्टनर प्रोग्रमम का हिस्सा बनाने के लिए संपर्क कर लेगी।।

## मुख्यमंत्री चौहान ने ली तैयारियों की जानकारी

# आत्मनिर्भर मप्र के लिए नीति आयोग के निर्देशन में वेबीनार मील का पत्थर सिद्ध होगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए बनाए जा रहे रोड मैप की प्रदेश में जो तैयारियाँ की जा रही हैं, उनमें 7 से 11अगस्त तक हो रहे वेबीनार मील का पत्थर सिद्ध होंगे। नीति आयोग के निर्देशन में मध्यप्रदेश में अधोसंरचना, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सुशासन के संबंध में विषय विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिकारियों, आर्थिक क्षेत्र के विद्वानों के विचार और सुझाव प्राप्त कर एक रोड मैप बनाने के लिए प्रत्येक वेबीनार में युवाओं को भी जोड़ा जाए। इसके साथ ही कलेक्टर्स कमिश्नर जैसे मैदानी अधिकारी और राजधानी में पदस्थ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, मंत्रीगण अपने अनुभवों से व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करें। तैयार रोड मैप से आम जनता को अवगत करवाया जाएगा। आगामी तीन वर्ष में रोड मैप का क्रियान्वयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान चिरायु हास्पिटल से वीडियो कान्फ्रेंस



द्वारा मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 7 अगस्त को वेबीनार का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में क्रियान्वित किए जाने वाले रोड मैप के संबंध में चार दिन आयोजित हो रहे वेबीनार की तैयारियों संबंध में अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, श्री एस.एन. मिश्रा, डॉ राजेश राजौरा और श्री आईसीपी केसरी से भी चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अलग-अलग समूह में हो रही चर्चा के लिए निर्धारित बिन्दु, विशेषज्ञों को भागीदारी के लिए आमंत्रण, क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किए जाने के पूर्व आवश्यक विषयों के समावेश के लिए कार्यों को व्यवस्थित रूप से पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वेबीनार में चर्चा सारगर्भित हो, लोक सेवा प्रबंधन विभाग की पूर्ण सहभागिता हो और सुशासन संस्थान द्वारा निर्धारित बिन्दुओं के अनुरूप वेबीनार के विभिन्न सत्रों को संपन्न किया जाए। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने बताया कि वेबीनार की तैयारियाँ लगभग पूर्ण हो गई हैं। आमंत्रित प्रतिनिधियों को विधिवत आमंत्रण भेजने का कार्य किया गया है। नीति आयोग के परामर्श के अनुसार सत्रों के आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रयास यह है कि भोपाल और इन्दौर स्थित राष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधि भी वेबीनार में शामिल हों। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री मनीष रस्तोगी ने बताया कि भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूरु और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी के प्रयास किए गए हैं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोड मैप के लिए हो रहे वेबीनार के प्रभारी चार अपर मुख्य सचिवों ने सेक्टर वाइज अब तक किए गए कार्य और प्राप्त सुझावों की संक्षेप में जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्राथमिकताओं के साथ ही पूर्व वर्षों में हुए मंथन में प्राप्त सुझाव भी वेबीनार में चर्चा के बिन्दु के रूप में शामिल रहेंगे।

# टोटल लॉक डाउन खत्म, फिलहाल पुलिस की सख्ती रहेगी जारी



### एसएएफ और क्यूआरएफ का बल भी तैनात रहेगा

**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार से टोटल लॉक डाउन खत्म हो गया है। लेकिन आगामी कुछ दिनो तक पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था लॉकडाउन की तर्ज पर ही जारी रहेगी। यह फैसला अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पांच अगस्त को होने वाले भुमिपूजन को देखते हुए लिया गया है। जिससे असमाजिक तत्व शहर की फिजा में अशांति न घोल सकें। इसके लिए पुलिस ने सभी थाना इलाको में शांति समिति के सदस्यों की मीटिंग लेना शुरू कर दिया है। भोपाल के सभी थानों के प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में रहने वाले जिम्मेदार लोगो की थाना परिसर सहित अन्य स्थानो पर मीटिंग के जरिये मुलाकात कर शांति कायम रखने में सहयोग करने की अपील कर रहे हैं। शहर में शांति कायम रखने के लिए जहॉ तीन हजार जवानों को सड़कों पर तैनात रखा गया है। जिसमें एसएएफ और क्यूआरएफ का बल भी शामिल है। असमाजिक तत्वों के साथ ही सोशल डिस्टेंस्सगि नियमो को तोडने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। वही बिना मास्क लगाए सड़कों पर घूमने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात तक भोपाल की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था यथावत रहेगी। कोविड नियमों तथा शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस जवान शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर तैनात हैं। इसी के साथ थाना पुलिस भी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर रही है। यातायात पुलिस भी सड़कों पर तैनात है, और वीडीपी पोर्टल के माध्यम से फर्जी नंबर लगे वाहनों की तस्दीक कर रही है। शहर के 12 आउटरों पर नाकाबंदी की गई है। जिससे बाहरी वाहन शहर की सीमा में पूरी चैकिंग के बाद ही प्रवेश करें। उल्लेखनीय है कि मंगलवार से भोपाल में टोटल लॉक डाउन खत्म हो गया है। जिसके बाद सड़कों पर पूरी तरह से चहल पहल दिखाई दे रही है। बाजारों में सुबह से ही रौनक दिखी। शहर के दुकानदार सोशल डिस्टेंसिंग के नियमो का पालन करते हुए व्यापार कर रहे हैं। वहीं राम मंदिर भूमि पूजन को देखते हुए पुलिस लोगों से शांति व्यववस्था को हर हाल में कायम रखने की अपील कर रही है। शहर में मौजूद सभी फटाखों की दुकानों को खोलने की फिलहाल अनुमति नहीं दी जा रही है। जिससे अति उत्साह में अस्माजिक तत्व आतिशबाजी कर किसी की भी धार्मिक भावनाओं को ठेंस न पहुंचा सकें। इसी के साथ पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में सक्रीय गुंडे और बदमाशों को थाने बुलाकर परेड लेना शुरू करेगी। अफसरो का कहना है, कि शहर की फिजा को किसी भी प्रकार से बिगाडने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तुरंत ही कडी कार्यवाही की जाएगी। राजधानी पुलिस की सोशल मीडिया मानिट्रिंग सेल एक बार फिर से सक्रिय हो गई है। फेस बुक पेज से लेकर इंस्टाग्राम और वॉट्स्ऐप ग्रुप पर पुलिस लगातार नजरें रखने का काम कर रहे हैं। भड़काऊ पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



भोपाल में मंगलवार को राजधानी में हुई बारिश से बचने बरसाती पहनकर जाते हुए।

### फरार आरोपी आकार जैन की गिरफ्तारी पर पाँच हज़ार का इनाम

**भोपाल।** पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने फरार आरोपी आकार जैन उर्फ लकी निवासी मकान नंबर 154 सत ?यम कॉलोनी सी.टी.ओ. बैरागढ़ की गिरफ्तारी पर पाँच हज़ार रुपये का इनाम घोषित किया है, जो भी व्यक्ति विधि संगत तरीकों से इस आरोपी को बंदी बनाएगा या फिर बंदी बनाने के लिए सही सूचना देगा, उसे यह इनाम दिया जाएगा। भोपाल जिले के बैरागढ निवासी आकार जैन उर्फ लकी के खिलाफ एसटीएफ थाना भोपाल में धारा 420, 467,468,471, 120 बी भादवि के तहत आपराधिक मामला दर्ज है। इस आरोपी के संबंध में टेलीफोन नंबर-0755-2922503, 2573802 एवं 2443666 पर सूचना दी जा सकती है।

# पाप धोने के लिए हनुमान चालीसा पाठ पर्याप्त नहीं, माफी मांगें कांग्रेस और कमलनाथ- संजर

**भोपाल।** प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान जी अपनी शरण में आए हर व्यक्ति का उद्धार करने में पूर्णत समर्थ हैं, लेकिन कांग्रेस ने पूरे राम मंदिर आंदोलन के दौरान जो पाप किए हैं, उनसे हनुमान चालीसा पाठ भी मुक्ति नहीं दिला सकेगा। इस पाप से मुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को राम लला और देश-प्रदेश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, जिसकी भावनाओं को कांग्रेस ने लगातार ठेस पहुंचाई है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद श्री आलोक संजर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के हनुमान



चालीसा पाठ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। आलोक संजर ने कहा कि पूरे राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का रवैया कैसा रहा है, पूरा देश जानता है। अल्पसंख्यक वोट बैंक हथियाने की कोशिश में कांग्रेस पार्टी लगातार राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध करती रही। तथ्यों और प्रमाणों की उपेक्षा करके कांग्रेस ने देश की बहुसंख्यक आबादी की भावनाओं को चोट पहुंचाई। अपने राजनीतिक फायदे के लिए कांग्रेस ने मुलायम सिंह यादव की पार्टी से गठबंधन किया, जिसने निहत्थे कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थीं। देश की शीर्ष अदालत में कांग्रेस पार्टी की तत्कालीन मुखिया ने एफिडेविट देकर भगवान राम को काल्पनिक बताकर उनके अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर दिये। कांग्रेस की सरकार ने राम सेतु को ध्वस्त करने की योजना बनाई।

### पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह संक्रमित

**भोपाल।** 10 दिन के लॉकडाउन के बाद आज राजधानी भोपाल में बाजार खुलने शुरू हो गए हैं। मंगलवार सुबह 111 नए मामले सामने आए हैं। इन्हें मिलाकर राजधानी में संक्रमित मरीजों की संख्या 7 हजार 327 पर पहुंच गई है। वहीं अब तक 4 हजार 279 मरीज ठीक हो चुके हैं। राजधानी भोपाल में आई रिपोर्ट में पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, भाजपा संभागीय संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी संक्रमित हो गए हैं। ई-2 अरेरा कॉलोनी में एक ही परिवार के पांच सदस्य संक्रमित पाए गए हैं। जीएमसी के तीन डॉक्टर, सरकारी लैवे के दो टेक्नीशियन, एल एन मेडिकल कॉलेज के 15 स्टॉफ संक्रमित निकले हैं। पीपुल्स मेडिकल कॉलेज के दो डॉक्टरों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इसके अलावा शाहपुरा, चूनाभट्टी, शाहजहानाबाद, बैरागढ़, गोविंदपुरा, अरेरा कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों से संक्रमित मरीज मिले हैं। वहीं चिरायु अस्पताल से 65 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं।

### डेयरी, मांस प्रसंस्करण और पशु आहार संयंत्र स्थापित करने के लिये मिलेगा ऋण

**भोपाल।** आत्मनिर्भर योजना के तहत डेयरी, मांस प्रसंस्करण और पशु आहार संयंत्र स्थापित करने के लिये बैंक ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। न्यूनतम 10 से 25 प्रतिशत मार्जिन मनी हितग्राही को देनी होगी। शेष 90 से 75 प्रतिशत बैंक ऋण होगा। हितग्राही को 3 प्रतिशत ब्याज सबवेंशन मिलेगा। किसान उत्पादक संगठन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, निजी कम्पनियाँ और व्यक्तिगत उद्यमी आदि योजना का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति सिडबी के पोर्टल %उद्यमी मित्र% पर आवेदन दे सकते हैं। केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा %एनीमल हसबेण्डरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट फण्ड% के तहत राज्यों को दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। अपर मुख्य सचिव पशुपालन जे.एन.कंसोटिया ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य डेयरी प्रसंस्करण और मांस प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण दूध और मांस की उपलब्धता के साथ उत्पादकों को अच्छा बाजार मिलने से आय में वृद्धि होगी। योजना में पशुपालकों को पशुओं के लिये उच्चगुणवत्ता वाला पशु आहार भी उचित दामों पर उपलब्ध कराया जायेगा। श्री कंसोटिया ने कहा कि केन्द्र शासन द्वारा 750 करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी फण्ड की स्थापना की जायेगी, जिसका प्रबंधन नार्बाड करेगा। क्रेडिट गारंटी फण्ड केवल उन्हीं परियोजनाओं को दिया जायेगा जो व्यवहारी होंगी। पात्र हितग्राही को ऋण सुविधा का अधिकतम 25 प्रतिशत कव्हरेज मिलेगा। फण्ड की कुल राशि 15 हजार करोड़ का वितरण 3 वर्ष की अवधि में अनुसूचित बैंकों द्वारा किया जायेगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर आज हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन संपन्न

## इस अवसर पर सभी ने मिलकर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और उन्नति की कामना की

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भोपाल स्थित निवास पर आज प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि, उन्नति व प्रदेशवासियों के स्वस्थ्य रहने की कामना को लेकर ग्यारह पंडितों द्वारा राम दरबार सजाकर हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मधुर भजनों द्वारा हनुमान जी की स्तुति की गई, हनुमान जी का पूजन किया गया। तत्पश्चात आरती कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि उन्नति की



सभी ने सामूहिक रूप से कामना की। प्रदेश के सभी नागरिकों व लाखों कांग्रेसजनों से अपील की थी कि वे भी आज अपने-अपने घरों में या पास के मंदिरों में कोरोना के नियमों का पालन करने हुए हनुमान चालीसा का पाठ व पूजन करें। उनकी इस अपील पर प्रदेश भर में आज हनुमान चालीसा के पाठ व पूजन के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के साथ इस कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन.पी. प्रजापति, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, राजीव सिंह, प्रवीण कक्कड़, नरेन्द्र सलूजा, भूपेन्द्र गुप्ता, अभय दुबे, मो. सलीम, जे.पी. धनोपिया, रवि सक्सेना, दुर्गेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

संपादकीए

## रग- रग में बसे भगवान श्रीराम

अयोध्या और राम एक दूसरे के पूरक हैं। राम से अयोध्या है और अयोध्या श्रीराम का जीवन संस्कार है। हिंदू धर्म की पौराणिक मान्यता के अनुसार अयोध्या सप्त पुरियों मथुरा, माया , काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका में शामिल है। श्रीराम की नगरी अयोध्या को अथर्ववेद में भगवान की नगरी कहा गया है। अयोध्या के शाब्दिक विश्लेषण से पता चलता है कि अ से ब्रह्मा, य से विष्णु और ध से रुद्र यानी त्रिदेव का स्वरूप है अयोध्या। जहाँ ब्रह्मा, विष्णु और शंकरजी स्वयं विराजमान हैं। अयोध्या के कण- कण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बसे हैं। इसे हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख धर्म का मौलिक स्वरूप माना जाता है। सरयू नदी के पावन तट पर बसी है अयोध्या। इसकी स्थापना महाराज मनु ने की थीं। इसे साकेत के नाम से भी जाना जाता है।

सुप्रीमकोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में 05 अगस्त को भव्य राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। जिसकी आधारशिला बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे। हालांकि इस मुहूर्त को लेकर काफी विवाद भी उठा है। जिस पर संत समाज विभाजित हैं। अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया गया है। सरयू नगरी इंद्रधनुष के रंग में रंग उठी है। पूरी अयोध्या चित्र शैली में रंग उठी है। अयोध्या से जिस तरह की तस्वीरें आ रहीं हैं, उससे यहीं लग रहा है कि जैसे भगवान विश्वकर्मा स्वयं अयोध्या उतर आए हैं। धर्मिक मान्यता के अनुसार जब महाराज मनु ने ब्रम्हा से अपने लिए एक नगर निर्माण की माँग कि, तो विष्णुजी ने उन्हें साकेत को सबसे उचित स्थान बताया। बाद में मनु के साथ भगवान विश?वकर्मा को भेजा गया। स?कंदपुराण के अनुसार अयोध?या भगवान विष?णु के चक्र पर विराजमान

है। भगवान श्रीराम के बाद बाद लव ने श्रावस्ती को बसाया। कुश ने एक बार पुनः राजधानी अयोध्या का पुनर्निर्माण कराया।

श्रीराम विकारों से मुक्त उत्तम और मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। इसी लिया उन्हें श्रेष्ठ मर्यादा का वाहक मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। वह धर्म, विवेक और आदर्श, के साथ मर्यादा और नैतिकता के प्रतीक हैं। वह मनवता के धर्मप्राण हैं। अहंकार और अविवेक रहित हैं। वह क्रोध, पाप से बिलग हैं। वह समदर्शी हैं। उन्होंने अपने निहित स्वार्थ के लिए धर्म की ध्वज को कभी गिरने नहीं दिया। न्याय और धर्म को हमेशा शीर्ष पर रखा। पिता महराज दशरथ और माँ कैकेई के वचनों के अनुपालन में राजसत्ता और वनवास को त्याग दिया। प्रजा के भावनाओं को उन्होंने हमेशा सम्मान किया। अयोध्या की प्रजा कि तरफ़ से आशंका उठने पर माँ सीता को वनवास भेज दिया। श्रीराम लोक मर्यादा को कहीँ से भी भंग नहीं होने दिया। यहीं वजह रहीं कि वह लोकरंजक कहलाए। उन्हें प्रजारंजक कहा गया। राज्य विस्तार को उन्होंने सिरे से खारिज किया। लंका को जीत कर विभीषण का राजतिलक किया। बालि के कुकर्मों का अंतकर सुग्रीव को राजा बनाया तो अंगद को युवराज। राक्षसों को वध कर दण्डकारण्य ऋषियों और मुनियों को दिया।

श्रीराम हिंदुत्व के ध्वजवाहक हैं। वह धर्म हैं, संस्कार हैं। संस्कृति हैं। श्रीराम हिंदुत्व के राग, रंग और संस्कार हैं।वह मानववता के आधार स्तम्भ हैं। उनका अवतार ही इस धरा पर धर्म के अवतार के रूप में हुआ। मानवता के कल्याण और समाज के आदर्शवाद के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा अयोध्या में धर्म को राज्य के नीति में शामिल किया। लेकिन धरती पर अवतरण के बाद वह खुद राजनीति का शिकार हो गए। 500 सालों तक वह विवादों में उलझे रहे। खुद के लिए रामलला को अदालत में अपना पक्ष रखना पड़ा। त्रेता में 14 सालों तक वनवास झेला। लेकिन कलयुग में उन्हें 28 सालों तक वनवास काल को अस्थाई टेंट में गुजारना पड़ा। राम को राजनीति का आधार बनाने वाले आलीशान बंगलों में गुजारा जबकि हमारे प्रभु टेंट में विराजमान होकर भक्तो के लिए स्वयं राजनीति की भेंट चढ़ गए। राम को आगे रख कर 500 सालों तक खून- ख़राबा करने वाले लोग अपनी सियासी रोटी सेंकते रहे लेकिन प्रभु न्याय के लिए जीर्ण मंदिर और टेंट में अपने मालिकाना हक कि लड़ाई लड़ी और आखरिकार विजयी हुए। श्रीराम की इस लड़ाई में किसी का जस और निहोरा नहीं है। उन्होंने यह लड़ाई मर्यादा में रह कर जीता है। तक़रीबन तीन दशक बाद उन्हें अपना घर मिलने जा रहा है। तभी तो इस ख़ुशी में अयोध्या सतरंगी हो चली है।

श्रीराम की अयोध्या रघुवंशी राजाओं की बेहद प्राचीन राजधानी थी। यह यह कौशल की राजधानी थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या 12 योजन लम्बी और 3 योजन चौड़ी बताई गई है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार अयोध्या कि लंबाई 148 कोस तथा चौड़ाई 32 कोस मानी गई है। %कोसल नाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान। निविष्टः सरयूतीरे प्रभूतधनधान्यवान्% का उल्लेख है। अयोध्या के दर्शनीय स्थलों में हनुमान गढ़ी, रामदरबार, सीतामहल, राम की पैड़ी, गुप्त द्वार घाट, कैकेयी घाट, कौशल्या घाट, पापमोचन घाट, लक्ष्मण जैसे प्रमुख स्थल हैं। भगवान राम का जन्म चैत्र मास की नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। कहते हैं कि 1528 में बाबर के सेनापति मीरबकी ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर स्थित मंदिर तोड़कर बाबरी मस्जिद बनवाई। अयोध्या का का शाब्दिक अर्थ है जहाँ कभी युध्द न हुआ हो अर्थात अ-युध्य अथार्थ %जहां कभी युद्ध नहीं होता।

श्रीराम जन्मभूमि को लेकर 500 सालों तक विवाद चला। 1528 में बाबर के सेनापति मीरबाकि की तरफ़ से मंदिर को तोड़कर मस्जिद बना दी गई और उसे बाबरी मस्जिद का नाम दे दिया गया। जिसके बाद से हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग उस पर दावा ठोंकते रहे। इस दौरान अनगिनत रक्तपात हुए। लाखों लोगों की जान गई। 1990 में राममंदिर आंदोलन चरम पर पहुँच गया जब भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने रथयात्रा निकाली। मुलायम सिंह ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई।

# बदल गई शिक्षा नीति

अब तक भारत की शिक्षा व्यवस्था 10+2 के फॉर्मेट पर चलती थी अब इसे 5+3+3+4 के फॉर्मेट में बदल दिया गया है। इसके तहत स्कूल के पहले 5 वर्षों की पढ़ाई फाउंडेशन स्टेज़ मानी जाएगी। इसमें छात्रों के लिए मजबूत नींव तैयार की जाएगी। इसका कैरीकुलम एन सी ई आर टी द्वारा तैयार किया जाएगा। इसमें प्री प्राइमरी के 3 वर्ष और पहली और दूसरी कक्षा का एक-एक वर्ष शामिल होगा। इसके अंतर्गत बच्चों को खेलकूद और अलग-अलग गतिविधियों के जरिए पढ़ाई कराई जाएगी, यानी इन कक्षाओं के छात्रों के लिए किताबों का बोझ अब पहले जितना नहीं होगा।अगले 3 साल यानी तीसरी कक्षा से पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई के दौरान छात्रों को भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। इसके तहत छात्रों का परिचय विज्ञान, गणित, कला, सामाजिक विज्ञान और ह्यूमैनिटी जैसे विषयों से कराया जाएगा। इसके अगले 3 साल मिडिल स्टेज़ माने जाएंगे और इसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र शामिल होंगे। इस स्टेज़ में छात्रों को तय पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाया जाएगा और इसके बाद 9वीं से 12वीं कक्षा तक इस फॉर्मेट की 4 वर्षों वाली आखिरी स्टेज होगी। इसमें छात्रों में किसी विषय के प्रति गहरी समझ पैदा करके उनकी विश्लेषण क्षमता को बढ़ाया जाएगा और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब स्कूलों में पहले जैसा स्ट्रीम सिस्टम नहीं होगा, मतलब आर्ट्स का कोई छात्र फिजिक्स की पढ़ाई करना चाहता है तो वह कर पाएगा। कॉमर्स का कोई छात्र इतिहास की पढ़ाई करना चाहता है तो वह भी ऐसा कर पाएगा किंतु उसके लिए संभवतः अलग-अलग विषयों का एक पूल तैयार किया जाएगा और उस पूल से ही छात्र को अपनी पसंद के विषयों का चुनाव करना होगा, यानी अगर विज्ञान के छात्र को इतिहास में दिलचस्पी है और उसके पूल में ये दोनों विषय शामिल हैं तभी छात्र इनकी पढ़ाई एक साथ कर सकता है। पहले तीन स्ट्रीम्स साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज़ होती थीं। एक छात्र केवल एक ही स्ट्रीम ले सकता था किंतु अब फिजिक्स, अकाउंट्स, कॉमर्स, इतिहास एक साथ पढ़े जा सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई अब मातृभाषा, स्थानीय भाषा और राष्ट्रभाषा में ही होगी। अंग्रेजी में पढ़ाई की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी। अब अंग्रेजी सिर्फ एक विषय के तौर पर पढ़ाई जाएगी यानी स्कूलों का जबरदस्ती अंग्रेजी करण का दौर समाप्त हो जाएगा। छठी कक्षा में पहुंचने के बाद छात्रों को कंप्यूटर कोडिंग सीखने का मौका मिलेगा यानी अब भारत के छात्र भी चीन जैसे देशों की तर्ज पर छोटी उम्र में ही सॉफ्टवेयर और मोबाइल एप्लीकेशन बनाने की तकनीक सीख पाएंगे और छठी कक्षा से ही छात्रों को इंटर्नशिप का भी मौका



मिलेगा यानी यदि किसी छात्र की किसी खास विषय में रुचि है और वह इसकी प्रैक्टिकल नॉलेज हासिल करना चाहता है तो वह इस विषय से जुड़ी इंटर्नशिप कहीं भी कर सकता है। नौवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक की परीक्षाएं अब सेमेस्टर के आधार पर होंगी। एक साल में 2 सेमेस्टर होंगे और 6 महीने पर एक परीक्षा होगी और दोनों सेमेस्टर के अंकों को जोड़कर फाइनल मार्कशीट तैयार की जाएगी। अब एक छात्र के तौर पर पूरे साल पढ़ाई करनी होगी। अब केवल परीक्षा के दौरान एक दो महीने पढ़कर काम नहीं चलेगा। इसके अलावा बोर्ड की परीक्षाओं को आसान बनाते हुए छात्रों की क्षमता पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इसमें रटने की बजाय, समझने की क्षमता पर ध्यान दिया जाएगा। बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र अब अपनी पसंद की भाषा में परीक्षा दे पाएंगे। हिंदी य अंग्रेजी किसी भी भाषा में वे परीक्षा दे सकते हैं। अब छात्रों के रिपोर्टकार्ड्स तैयार करते समय उनके व्यवहार, एक्सट्रा कैरिकुलर एक्टिविटीज में उनके प्रदर्शन और उनकी मानसिक क्षमताओं का भी ध्यान रखा जाएगा। अब यदि बारहवीं कक्षा के बोर्ड एग्जाम्स में ठीक नंबर न आ पाएं और कटऑफ एडमिशन न मिल पाए तो छात्र कॉमन एप्टीट्यूड टेस्ट दे सकते हैं। इस टेस्ट में किए गए प्रदर्शन को 12वीं कक्षा के नंबरों के साथ जोड़ दिया जाएगा और उस आधार पर उसे मनपसंद कॉलेज में एडमिशन मिल जाएगा। ग्रेजुएशन की पढ़ाई को 3 और 4 वर्षों के ड्यूरेशन में बांट दिया जाएगा। पहले कालेज की पढ़ाई बीच में छोड़ देने पर ग्रेजुएशन की डिग्री नहीं मिलती थी। नई शिक्षा नीति के तहत, एक साल में पढ़ाई छोड़ने पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा जो कि सर्टिफिकेट कोर्स माना जाएगा।सेकंड ईयर पास करने पर डिप्लोमा दिया जाएगा। थर्ड ईयर पूरा करके बैचलर की डिग्री मिलेगी। 4 साल का कोर्स करने पर रिसर्च के सर्टिफिकेट के साथ बैचलर डिग्री मिलेगी।इससे उन छात्रों को बहुत फायदा होगा जो कालेज के दौरान किसी प्रोजेक्ट पर काम कर चुके हैं 4 साल के इस कोर्स में स्कूल के छात्रों की तरह कालेज के छात्र भी अलग-अलग विषयों की पढ़ाई एक साथ कर पाएंगे। इस व्यवस्था को मल्टी एंट्री और मल्टी एग्जिट कहा जाता है। इसमें जब चाहे एंट्री ले सकते हैं और जब चाहे एग्जिट कर सकते हैं। इसके अलावा एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट बनाया जाएगा, जिसके तहत एक से ज्यादा कोर्स एक साथ कर सकते हैं।जिस कोर्स को जहां तक कंप्लीट करेंगे उसके अंक इस क्रेडिट बैंक में जमा हो जाएंगे और फिर फाइनल डिग्री में किए गए कोर्स में इस क्रेडिटको जोड़ दिया जाएगा। ये पूरी व्यवस्था पूरी तरह से डिजिटल होगी ऑनलाइन होगी। अब स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में संस्कृत भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा। संस्कृत के विश्वविद्यालयों में अलग-अलग विषयों की पढ़ाई संस्कृत में कराई जाएगी। आईआईटीज़ की शिक्षा व्यवस्था को भी पहले से ज्यादा समग्र बनाया जाएगा और इन उच्च शिक्षा संस्थानों में आर्टस् और ह्यूमैनिटीज़ के विषय भी पढ़ाए जाएंगे।इससे आर्टस् और ह्यूमैनिटीज़ के छात्र विज्ञान की जानकारियों का इस्तेमाल दूसरे क्षेत्रों में अपनी स्किन को बेहतर करने के लिए कर पाएंगे। कुल मिलाकर अब देश की शिक्षा व्यवस्था ऐसी होगी कि छात्र व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करके देश के लिए बड़े-बड़े आविष्कार कर पाएंगे। संगीत, कला और साहित्य को देश के हर कॉलेज में पढ़ाया जाएगा।बदली शिक्षा नीति के अनुसार नए नियम निर्धारित किए जाएंगे और स्कूल और कालेज एक निश्चित फीस से ज्यादा पैसा नहीं ले पाएंगे। नई शिक्षा नीति बनाने के लिए जो बिल बनाया गया है उसे नेशनल हायर एजुकेशन बिल कहते हैं। इस बिल को संसद से पास कराकर कानून का रूप दे दिया जाएगा। इसके बाद राज्य सरकारों को भी इस पर कानून बनाकर अपने-अपने राज्य में इसे लागू करना होगा इसकी घोषणा के साथ मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम भी बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया जाएगा। नई शिक्षा नीति को दो लाख से ज्यादा लोगों की राय लेकर बनाया गया है। यह नई शिक्षा नीति वर्ष 2021 और 2022 के एकेडमिक सेशन तक लागू हो जाएगी।

**रंजना मिश्रा उ?0?**
**कानपुर, उत्तर प्रदेश**

## भारत देश हमारा

**सार ललित छन्द**

हिदुस्तान हमारा प्यारा ,जन जन का है नारा ।
भारत माँ के जयकारों से , गूंज रहा जग सारा ।

छटा प्रकृति की अद्भुत बिखरी ,अनुपम रूप घनेरे ।
ऋषियों ,मुनियों ,विद्वानों के ,सदा रहे हैं डेरे ।

गंगा, जमुना ,सरस्वती की ,बहती निर्मल धारा ।
भारत माँ के जयकारों से , गूंज रहा जग सारा ।।

लाल किला है शान देश की ,ध्वजा यहीं फहराते ।
चिह्न प्रेम का ताजमहल है,सभी देखने आते ।

वीर सपूतों ने इस भू पर ,तन मन अपना वारा ।।
भारत माँ के जयकारों से , गूंज रहा जग सारा ।।

नीलवर्ण परिधान पहन नभ, करता करतब न्यारे ।
सागर में भी गहरे कितने , मोती बिखरे प्यारे ।।

सूरज निकले बाँह पसारे ,करे दूर अँधियारा।।
भारत माँ के जयकारों से , गूंज रहा जग सारा ।।



सुरभित,सुंदर पुष्प निराले , नई ताजगी देते ।
औषधियों से पूरित वन भी , कठिन रोग हर लेते ।

इस भारत माता पर अपना ,अर्पण जीवन सारा ।।
भारत माँ के जयकारों से ,गूंज रहा जग सारा ।।

**रीना गोयल ( हरियाणा)**
**9466741154**

## राखी का त्यौहार

भाई बहन का रिश्ता ईक सुंदर अहसास है ।
आया दिंन राखी का बहनों देखो कितना ये खास हैं ।

रिश्ता खून का हो दिल का बहन अपनी हो या
मुह बोली राखी के दिन
आती देखो बहनों की टोली ।

साल मे आता दिन इक बार भाई बहनो को देते
खूब उपहार
दूर हो या पास बहने
आ ही जाती है
जो ना आ सके वो
राखी भिजवाती है।




खुश रहें हमारा भाई
ये दुआ करतीं हैं
राखी के दिन बहने
भाई को याद करती है।

कलाही पे बाँध राखी
भाई भी खुश हो जाते है
बहन मेरी सदा खुश रहें
सर पे हाथ फहराते है।

प्यार बना रहे यूँही दोनों का
मायका छूटे ना कभी बहनों का
यही फरीयाद करते हैं।

आया त्योहार राखी का
खुशियों से पूरा करते हैं।

**राधा शर्मा**
**इन्दौर**



# सदी के श्रेष्ठ कार्यो में अंकित राम मंदिर निर्माण



भारत की एकता संप्रभूता और आस्था को एक नई गाथा अयोध्या नगरी में लिखी जाएगी जब भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य की नींव रखी जाएगी।सदी के महानतम कार्यो में से एक यह दो सदी के संघर्षो का इतिहास समेटने हुए खड़ा होने को उत्सुक है।वही पूरा भारतवर्ष राममय नजर आ रहा है।अदभूत और मनोरम है यह दृश्य जिसको हमारी न्यायपालिका ने यह गौरव हासिल करने का सौभाग्य तमाम सबूतो और साक्ष्यों के आधार पर देकर करोडो भक्तों का मान बढ़ाया है।आज पूरा भारतवर्ष खुश है ।हर कोई इस सदी के इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनना चाहता है।भारत ही नहीं कई देशों में भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

जिनके हृदय श्रीराम वसै

तिन और का नाम लियो न लियो।।यह पंक्ति हमारे अराध्य की महत्ता को दर्शाता है। दो अक्षर का यह नाम पूरे ब्रह्माण्ड पर भारी है।इनके नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति का मोक्ष है।यहाँ तक परमपिता परमेश्वर शिव भी इनके नाम का जप करते हैं।जीवन की सत्यता का सार है राम नाम, मोक्ष का द्वार है राम नाम, सभी कष्टो के निवारण इन्हीं नामो में निहित है। ऐसे मर्यादा पुरूषोत्तम के मंदिर निर्माण के अवसर पर हम भारतवासी उनके भक्ति में नहाकर हमारे गौरवशाली इतिहास को चार चाँद लगा रहा है । आज की आस्था तथा इतिहास की यह गौरव गाथा का परिचायक युगो युगो तक याद रखा जाएगा।

वेद पुराण और धार्मिक ग्रंथो और हिन्दू कलेंडर के अनुसार प्रभू श्री राम को भगवान् विष्णु जी की 10वीं अवतारों में से 7वां अवतार माना गया है। भगवान् श्री राम की अराधना घरो में भी करते हैं और अपने परिवार और जीवन की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। पूरे देश में लोग मर्यादा पुरूषोत्तम की लीलाओ का बखान करते हैं उनके प्रति अपार श्रद्धा और विश्वास के साथ लोग उन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम मनाते है। सभी लोग प्रभू श्री राम का दर्शन मंदिरो में करने को कई वर्षो से उत्सुक है।भक्त हमेशा रामचरितमानस का अखंड पाठ करते हैं और साथ ही मंदिरों और घरों में धार्मिक भजन, कीर्तन और भक्ति गीतों के साथ पूजा आरती भी करते है। आज विश्व पटल पर उनकी महिमा वखानऔर भक्ति में लीन अयोध्या,नगरी अदभूत लग रही है।

प्रभू राम को घर मिले प्रतीक्षा में हैं भक्त
पीड़ाहार,की पीड़ा दूर करते रामभक्त।
हो रहा निर्माण कार्य शूरू पाँच अगस्त
भव्य मंदिर होगा वहाँ जहाँ होंगे प्रभू।।
सजेगी नित दरबार गूँजेगी मंत्रोचार
घूम गूगल से महकेगी अयोध्या नगर।
आस पास दूर दरार से लोग आएँगे
चार चाँद लगेगा जब पर्यटन बढ जाएँगे।
वो घड़ी आयी है जिसका सबको इन्तजार
आइये इस ऐतिहासिक पल को दे प्यार।



**आशुतोष**
**पटना बिहार**

## बारिश का रास्ता



छाता पृथ्वी को
आकाश चौड़ा है
सूरज को नहीं देख रहा
है
वे आकाश के अग्नि
मेघ हैं
लुढ़क कर लुढ़क गया
सूरज की टकटकी
लुढ़कती है और सो जाता
है
सूरज यहां कैसे फिर से भेजता है?
तो सूरज को ढंकने के लिए
उन छोटे बादलों के बारे में सोचिए जो चल रहे हैं
क्या मैं कह सकता हूँ कैसे?
वायु को अपनी श्वास का पता है
यह सिर्फ बारिश नहीं है?
यहां कचरा डंप करने वाले फिर ...
पानी में तैरती सड़कें और गलियां
क्या मज़ा आता है पेड़
पेड़ पानी में तैरते हैं
यह सिर्फ बारिश का स्वाद है
बरसात में ही धरती
खुद छाता पकड़ता है
भारी बारिश में मकान गिर रहे हैं
लेकिन अगर लोग फंसे हों तो क्या होगा?
झील के तालाब ओवरफ्लो हो रहे हैं
सिर्फ किसानों को हंसाना काफी नहीं है ...

**ओट्टेरी सेल्वा कुमार**

## मरते सभी हैं

अपनी-अपनी जिंदगी में काम ये करते सभी हैं
मौत है मकसद जहां का ,इससे पर डरते सभी हैं
है ये ऐसी चीज जिसको , रोक न पाया कोई भी
चाहता मरना न कोई , पर यहां मरते सभी हैं

काम कुछ ऐसे करें कि, काम हो दुनिया में जिंदा
ऐसा हो आगाज कि, अंजाम हो दुनिया में जिंदा
अपने कर्मों के बदौलत, छाप हम छोड़ें जहां में
हम रहें या ना रहें पर, नाम हो दुनिया में जिंदा

रीतियां लेकर नई अब ,
चल रहा है जग ये सारा
अपने हाथों से ही खुद को,
छल रहा है जग ये सारा
कोई जब भूखा मरे तब ,
पूछता कोई नहीं है
पर कोई आगे बढ़ा तो ,
जल रहा है जग ये सारा



धार हो जिस ओर की, उस
ओर तो बहते सभी हैं
अपनी -अपनी ताक में , हरदम यहां रहते सभी
हैं
लग रहा है कि, रहा न अब भलाई का जमाना
कर भला तो हो भला, बात ये कहते सभी हैं

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**

## सहज़ जिंदगी...

सहज़ जिंदगी महज़ मजाक़ बन गयी है ।
तजूर्बा अपनी जमाने की खाक़ बन गयी है ।।

कम्बख़त दिल भी ऐसा ही निकला मनुज ,
किसी के याद में जलकर राख बन गयी है ।

हर शख्स सेल्फिश बना हर जगह सेल्फी है ,
दिल की बातें जाने मोबाइल डाक बन गयी है ।

पानी पिते थे जिस सुराही से हम तुम सारे ,
उस सुराही में अब कई
सुराक बन गयी है ।।



नव योवन की रास्ता
युग परीवर्तन के ओर ,
ऊमंगे नई फैशन अब
खतरनाक बन गयी है ।

दीवार हवा नदी पानी
आकाश की बटवारा ,
कही भारत कही अफ़गां कहीं पाक बन गयी है ।

सहज़ जिंदगी महज़ मजाक बन गयी है ।
तजुर्बा अपनी जमाने की खाक़ बन गयी है ।।

**स्वरचित एवं मौलिक**
**मनोजवम**
**सुदर्शन पार्क मोती नगर**
**नई दिल्ली**

## हिंदुस्तानी पाक लड़की

वो हिंदुस्तानी पाक लड़की थी, बातें पाक वो
करती रही ।
आशिक़ के छूने पर कमर को उसकी, रोमांचित
वो होती रही।
जिस्मानी रिश्तों को नापाक मानती थी, ये प्यार
नहीं है, बस यही सोच कुढ़ती रही।
चाहती थी जाना बाहों में आशिक़ की, पर सच
पर पर्दा करती वो रही।
तय कर दी गयी शादी उसकी अमीर घर में,
आशिक़ तड़पता रहा, इतराती वो रही।
हुई रस्म सुहागरात की शादी होते ही उसकी,
साथ मियां का वो देती रही।
आया ख्याल कुछ देर
आशिक़ का उसको, पर
दलीलें खुदको देती रही।
ठहरी नहीं कुछ पल से
ज़्यादा बाहों में अपने ही
आशिक़ की,
अनजान आदमी साथ
वो हमबिस्तर होती रही ।।



मर्द ये भी है, मर्द वो भी था, किस सोच में मैं
खुदको ठगती रही ।।
सच्चे प्यार में हमबिस्तरी नहीं करते, बस यही
सोचती वो रही, शादी होते ही हमबिस्तरी करती वो
रही।।
बोल कर नापाक प्यार को, पाक समझ शादी को
ज़िस्म अपना, अपने मिया को सौंपती वो रही, वो
हिंदुस्तानी पाक लड़की थी, बातें पाक वो करती
रही।।

**रुचिर जैन**
**दमोह(म.प्र.)**


# मैं तेलुगू सिनेमा में काम करती हूं तो क्या मैं तमिल में बात करूं




**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू 50वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में कार्यक्रम के दौरान सीधे तौर पर ऑडियंस से मुखातिब हो रही थीं। बता दें ?कि जब एक शख्स ने उनसे अंग्रेजी की बजाए हिंदी में बातचीत करने के लिए कहा गया तो तापसी का ऐसा ?रियक्शन था ?कि उसने शख्स को वापस अपनी कुर्सी पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया। दरअसल शख्स के सवाल पर तापसी ने ऑडियंस से पूछा ?कि ÷क्या सभी लोग यहां पर हिंदी समझते हैं?÷ इसके बावजूद भी शख्स अपनी बात पर डटा हुआ था और कह रहा था कि क्योंकि वह एक बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं इसलिए उन्हें हिंदी में ही बात करनी चाहिए। इस बाद जवाब में तापसी ने कहा ?कि ÷मैं तमिल और तेलुगू सिनेमा में भी बतौर एक्ट्रेस काम करती हूं। क्या मैं तमिल में बात करूं?÷ उनका जवाब सुनकर शख्स शांति से कुर्सी पर बैठ गया। वहीं तापसी ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि कुछ लोग बहुत आसानी से रास्ते पर आगे बढ़ जाते हैं लेकिन वह ऐसा नहीं करना चाहती हैं। इसके अलावा तापसी ने कहा कि उनके हिसाब से उस मार्केट को छोड़ना गलत होगा। ऐसा माना जाता है कि हिंदी राष्ट्र भर में समझी जाती है लेकिन वह ऐसा नहीं मानती हैं। इसके बाद तापसी ने कहा कि साउथ ने ही उन्हें ये सिखाया है कि फिल्में कैसे बनती हैं और इसी ने उन्हें एक एक्ट्रेस बनाया है। इसके साथ ही तापसी ने कहा कि वह साउथ के सिनेमा में काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि साउथ फिल्मों में काम करने की वजह से ही उन्हें बॉलीवुड में मौका मिल सका है।

# रोमांटिक गाने पर डांस करते नजर आएंगे रामचरण और आलिया

**मुंबई।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्रीज के दिग्गज डायरेक्टर एसएस राजमौली की बिग बजट वाली फिल्म आरआरआर के चर्चे हर तरफ हो रही हैं। फिल्म में साउथ के सुपरस्टार राम चरण और जूनियर एनटीआर साथ में नजर आने वाले हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में आलिया भट्ट, अजय देवगन, ओलिविआ मोरिस, रे स्टीवनसन एयर एलिसन डूडी अहम रोल्स में हैं। इस फिल्म का शिड्यूल फिलहाल रामोजी राव फिल्म सिटी में चल रहा है। इसकी शूटिंग में राम चरण और जूनियर एनटीआर जोर-शोर से लगे हुए हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में आलिया भट्ट और राम चरण एक रोमांटिक गाने पर डांस करते नजर



आएंगे। खबरों के अनुसार आलिया भट्ट और राम चरण एक रोमांटिक गाने की जल्द शूटिंग करने वाले हैं। इस गाने को एमएम किरवानी ने कंपोज किया है। फिल्म के मेकर्स गाने की शूटिंग की तैयारियों में लगे हुए हैं। माना जा रहा है कि सेट्स का काम, डांस रिहर्सल और प्रॉप्स पर अभी काम किया जा रहा है। ये आलिया भट्ट की साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू फिल्म है। पहले खबर थीं कि आलिया भट्ट इस फिल्म में मेहमान के रुप में काम करने वाली हैं। हालांकि बाद में आलिया ने खुद बताया कि ऐसा नहीं है। आलिया ने कहा,जब से करण जौहर ने मुझे अपनी फिल्म से लांच किया तब से मेरी लिस्ट में दो डायरेक्टर थे।



# प्रीति जिंटा ने शेयर किया घर की खेती का वीडियो

**मुंबइ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा इन दिनों अपने पति जीन गुडइनफ के साथ अमेरिका में हैं। वहां से सोशल मीडिया पर दिलचस्प पोस्ट के जरिए वो अपने फैंस से बातें करती रहती हैं। अब प्रीति ने %घर की खेती% को लेकर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वो शिमला मिर्च तोड़ती नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने शिमला मिर्च अपने घर पर ही रहकर कैसे उगाई। प्रीति जिंटा के इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर वीडियो में दिख रहा है कि प्रीति अपने घर की उस जगह पर बैठी हैं, जहां पर बड़े से टब में कई तरह के पौधे लाइन से लगे हुए हैं। इस वीडियो में वो एक पौधे से शिमला मिर्च तोड़ती नजर आ रही हैं। वीडियो में प्रीति बता रही हैं कि उन्होंने अपनी मां की मदद से घर पर ही पूरी किचन गार्डन बना लिया है। इसे प्रीति ने %घर की खेती% बताया है और वो इसे शेयर करते



बेहद खुश नजर आ रही हैं। यहां देखें प्रीति द्वारा शेयर किया गया वीडियो- इस वीडियो के कैप्शन में प्रीति ने लिखा- %घर की खेती। कितना अच्छा लगता है ना अपने घर पर ही सब्जियां उगाना। थैंक्यू मां मुझे सिखाने के लिए, गार्डन में वक्त बिताने और अपने घर में सब्जियां उगाने को प्रेरित करने के लिए। मैं अभी बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। मैंने धरती मां के इतना करीब खुद को कभी महसूस नहीं किया है%।

# दिशा अब भी है प्यार की तलाश में

**मुंबई।** बालीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी का कहना है कि उन्हें अपनी जिंदगी में कई सालों से प्यार की तलाश है। दिशा ने बताया कि उन्हें आज तक किसी ने रिलेशनशिप में आने के लिए प्रपोज भी नहीं किया है। इतना ही नहीं उन्होंने यह दिशा ने कहा, %मैं स्कूल में टॉमबॉय थी और मेरे पापा पुलिस में थे तो शायद इसी वजह से सभी लड़के मेरे पास आकर पूछने से डरते थे। किसी की मेरी ओर देखने की हिम्मत नहीं पड़ती थी और इसलिए किसी ने मुझे प्रपोज नहीं किया।%रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा यह भी कहती हैं कि जबसे वह मुंबई आई हैं, अभी तक उन्हें मजेदार जिंदगी जीने का मौका नहीं मिला और उनके पास लोगों से मिलने और प्यार करने का बहुत ज्यादा मौका नहीं है। एक अन्य इवेंट में जब दिशा से टाइगर श्रॉफ के साथ डेटिंग करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, %मैं कई सालों से अपनी किस्मत आजमा रही हूं, लेकिन इसमें कुछ हो ही नहीं पा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लड़की होने का एहसास तभी होता है जब वह रिलेशनशिप में होती हैं और उन्हें किसी ऐसे की तलाश है



# अपने निर्णय खुद लेना पसंद है आलिया एफ को

अभिनेत्री आलिया फर्नीचरवाला आगामी फिल्म ÷जवानी जानेमन÷ से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। हालां?कि आलिया अपने निर्णय खुद लेना पसंद करती हैं। आलिया ने बताया ?कि ÷मैं चीजें खुद करना पसंद करती हूं, चाहे वह निर्णय लेने की बात हो या कुछ और, मैं सामान्यत ये सबकुछ खुद ही करती हूं। मैं ÷सबकी सुनो लेकिन अपनी करो÷ में यकीन रखती हूं, हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि मेरी मां या मेरे दादा अगर फिल्मों से संबंधित मुझे कोई सलाह देते हैं, तो मैं उन्हें नहीं सुनती हूं। मैं उनसे विचार-विमर्श करती हूं, लेकिन आखिरकार निर्णय मैं खुद लेती हूं। मैं अपने बारे में काफी आलोचनात्मक हूं।÷ बताया गया ?कि आलिया को काम का दबाव भी काफी पसंद है। इस बारे में



उन्होंने कहा ?कि ÷मैं दबाव की प्रशंसक हूं। जब मैं काम करने के बाद थक जाती हूं, तब मुझे काफी अच्छा लगता है। काम अब मेरा जुनून बन गया है। काम के मामले में मुझे दबाव पसंद है।÷

# कार्तिक ने %दिल बेचारा% को बताया बेहतरीन फिल्म, कहा दो बार देखी, शेयर किया फेवरेट सीन

**मुंबई ।** एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म को ऐसी व्यूअरशिप मिली है जो शायद लंबे समय तक किसी दूसरी फिल्म को न मिले। इस फिल्म को लेकर लोगों ने ऐसी दिलचस्पी दिखाई कि रिलीज के कुछ घंटो बाद ही यह ट्रेंड करने लगी। सुशांत की इस आखिरी फिल्म ने सभी को रुला दिया। अब इसी लिस्ट में उनका एक और फैन सामने आया है– कार्तिक आर्यन। एक्टर कार्तिक आर्यन को सुशांत की दिल बेचारा इतनी पसंद आ गई है कि उन्होंने इसे एक और बार देख डाला है। एक्टर ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। कार्तिक ने फिल्म का बेस्ट सीन भी शेयर कर दिया है। कार्तिक की माने तो दिल बेचारा में जब जिंदगी के आखिरी दिन गिनते मैडी



के सामने उसकी फ्यूनरल स्पीच दी जाती है, वह सीन उनका फेवरेट बन गया है। उस सीन में सुशांत के एक्सप्रेशन्स को देख हर कोई भावुक हो गया था। कार्तिक ने उस सीन की फोटो भी शेयर की है। फैन्स कार्तिक की ये पोस्ट देख भावुक हो गए हैं। हर कोई फिर इस हरफनमौला कलाकार को याद कर रो रहा है।

वैसे सुशांत अपनी इस फिल्म को खुद तो प्रमोट नहीं कर पाए थे, लेकिन पूरे बॉलीवुड ने यह जिम्मेदारी बखूबी निभाई। हर सितारे ने सोशल मीडिया पर सुशांत की दिल बेचारा को प्रमोट किया है। सभी ने फैन्स से इस फिल्म को देखने की अपील की थी। इसका असर दिखा भी क्योंकि दिल बेचारा ने मात्र 24 घंटे में 95 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए थे। अगर ये फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होती तो शायद बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ देती।



# नेहा ने अपनाई वेगन डाइट

अभिनेत्री नेहा पेंडसे ने अपनी एक नई परियोजना के लिए वेगन डाइट को अपनाया है। मगर, इस डाइट को अपनाने के बाद उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि किसी मशीन में बेहद शक्तिशाली कोई ईंधन भरा गया हो। नेहा ने कहा ??कि ÷मैं कहीं पढ़ा था कि आप वही हैं जो आप खाते हैं और यह पूरी तरह से सच है। ऐसा लग रहा है जैसे कि मानों किसी मशीन में एक बेहद शक्तिशाली ईंधन भर दिया गया हो और मुझे काफी अच्छा लग रहा है।÷ उन्होंने आगे कहा ?कि ÷मैं खुद को काफी फिट महसूस कर रही हूं और यह एक चीज बहुत जरूरी है। यह किसी चीज के लिए तैयारी करने की प्रक्रिया के तौर पर शुरू हुई जिस पर मैं अभी काम कर रही हूं। उन्होंने कहा यह बेहतरीन है और किसी को इस पर यकीन करने के लिए इसका अनुभव लेना होगा।÷

# चम्बल नदी का पवित्र जल अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए भेजा

## चंबल नदी का जल अयोध्या मंदिर निर्माण के लिए भेजा



**अम्बाह ।** अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन के लिए चंबल नदी का पवित्र जल एवं मिट्टी विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा किशरोली धाम से कलश में भरकर माखन दास महाराज के कर कमलों द्वारा पूजन करके भेजी गई। कलश को अम्बाह से मेहगांव होते हुए ग्वालियर पहुँचाया गया। रास्ते में अम्बाह, पोरसा, गोरमी, मेहगांव, गोहद के बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा पूजन कर एवं फूलमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। यह जल कलश कल ग्वालियर से जयभान सिंह पवैया जी द्वारा अयोध्या ले जाया जाएगा। चम्बल नदी से जल भरते समय शिवराम जी सिकरवार प्रान्त सह सेवा प्रमुख, पिंकू परमार विभाग सह संयोजक मुरैना विभाग, रवि शर्मा जिला सहमंत्री मनीष शर्मा जिला संयोजक मुरैना पंकज हरदेनिया जिला गौ रक्षा प्रमुख संजीव खेमरिया कारसेवक रामावतार शर्मा दीपक मंगल धर्मप्रसार कुबेर गर्ग जी, देवेंद्र राठौर, प्रदीप शर्मा, आकाश शुक्ला, संदीप तोमर, रवि बाबा, विवेक कटारे, रवि तोमर, चेतन कुशवाह, राम प्रजापति, पुष्पराज, अंकित, दयाल ,बिट्टू अन्य नागरिकगण मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा कोविड़ के नियमों का पालन कर संचालित करें

**मुरैना।** कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अप्रत्याशित हो रहीं वृद्धि पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से 25 जून से नगर सीमाक्षेत्रान्तर्गत ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया। किन्तु बदली हुई वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये नगर पालिक निगम अन्तर्गत संचालित ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा वाहन कोविड नियमों के पालन सोशल डिस्टेंस के तहत संचालित करने की अनुमति सशर्त दी जाती है।

## बैंके अब 2 बजे तक नहीं 4 बजे तक संचालित होंगी

**मुरैना।** कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अप्रत्याशित हो रही वृद्धि पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से 4 जुलाई को नगर पालिक निगम सीमाक्षेत्रान्तर्गत बैंक गतिविधियां संचालित करने के लिये बैकों को समय प्रात: 10 से 2 बजे तक निर्धारित किया गया था, किन्तु अब बदली हुई वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये नगर पालिक निगम सीमाक्षेत्रान्तर्गत समस्त बैकों को शासन, जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित किये गये नियमों के पालन करने एवं सोशल डिस्टेसिंग के पालन करने की शर्त पर बैंक गतिविधियां पूर्वत: बैंक द्वारा निर्धारित समय प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक संचालित होंगी।

## शासकीय मंदिरों में 5 अगस्त को रामधुन-सुंदर की अनुमति

**मुरैना।** राज्य शासन ने शासकीय देवस्थान और मंदिरों की 5 अगस्त 2020 को कोरोना संक्रमण से सावधानी और संबंधित दिशा-निर्देशों का कढ़ाई से पालन करते हुए रामधुन और सुंदरकाण्ड के रिकार्ड बजाने की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है श्री राम जन्मभूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न शासकीय देवस्थान एवं मंदिरों द्वारा उक्त अनुति माँगी गई थी।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे वार्ड क्रमांक 7 के निवासी सीएमओ को दिया आवेदन

## सीएमओ ने मोटर से पानी निकालने का दिया निर्देश



**कैलारस।** कैलारस वार्ड क्रमांक सात के स्थानीय निवासी इस समय किसी नरक से कम जीवन नहीं जी रहे हैं क्योंकि उनके मकान के सामने बरसात का व गंदे पानी का निकास न होने से उन्हीं के मकान के सामने भरा रह रहा है जिससे उनके बच्चे एवं जानवरों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों के संक्रमण का डर सता रहा है इसी के चलते आज स्थानीय निवासियों ने सीएमओ कैलारस अमजद गनी को एक आवेदन दिया है जिसमें उक्त बरसात के जमा पानी को निकालने के लिए निवेदन किया है जिस पर सीएमओ अमजद गनी ने तत्काल अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को उक्त जमा पानी मोटर से निकालने के निर्देश दिए हैं आपको बता दें कि बार्ड 07 में अयोध्या बस्ती मनोहर दास बाबा की बगिया के राठौर गली के पास ही रेलवे पटरी के पास बने मकानों में पानी का निकास ना होने के कारण वहां पानी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे वहां के निवासी अत्यंत परेशानी का सामना कर रहे हैं अब देखना यह है क्या प्रशासन इस समस्या को जड़ से समाप्त कर पाएगा वहीं सीएमओ अमजद गनी का कहना है कि हम जल्द ही इस समस्या को हल करने प्रयास करेंगे और जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा मैंने अभी नगर परिषद के दरोगा और सफाई कर्मचारियों को उक्त जमा पानी को निकालने के लिए भेज दिया है

# डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव और सावधानी की अपील

**मुरैना।** वर्षा ऋतु के दौरान जल जनित बीमारी आदि के साथ डेंगू और चिकनगुनिया के फैलने की संभावना के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह दी है। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और सिर में तेज दर्द, मसूड़े व नाक से खून बहना और शरीर पर लाल चकत्ते होना डेंगू के लक्षण हो सकता है। तेज बुखार, सिर दर्द, जोड़ों में सामान्य दर्द और शरीर पर लाल चकत्ते आना आदि चिकनगुनिया के प्रमुख लक्षण हैं। डेंगू चिकन गुनिया के लक्षण नजर आने पर नजदीकी उपचार केंद्र पर अपनी जाँच कराएं। यह लक्षण पाए जाने पर शासकीय चिकित्सालय में निरूशुल्क खून की जांच कराएं जांच में डेंगू या चिकनगुनिया पाए जाने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार पूरा उपचार ले। डेंगू एवं चिकनगुनिया का वाहक एंडीज मच्छर रुके हुए साफपानी पीना होता है और दिन के समय काटता है पूरी बाह के कपड़े पहने तथा



पानी को जमा ना होने दें इससे बचने के लिए घरों के आसपास सफाई रखें सभी कंटेनर जिनमें पानी भरा हो एवं कूलर के पानी सप्ताह में एक बार खाली कर सुखाकर उनमें नया पानी भरें आप दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पानी के बर्तन ढक कर रखें। अनुपयोगी सामग्रियों जैसे कूलर, ड्रम टंकी, बाल्टी आदि में पानी जमा ना होने दें। दोबारा उपयोग से पूर्व उन्हें अच्छी तरह सुखाएं। हैंड पंप के आसपास भी पानी इकट्ठा ना होने दें जमा पानी पर मिट्टी का तेल या इंजन का जला हुआ तेल डालें।

# दत्तपुरा सब्जी मंडी कोविड नियमों के तहत खोलने की अनुमति



**मुरैना।** कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रकरणों में अप्रत्याशित हो रही वृद्धि पर नियंत्रण करने के लिये 2 जुलाई से नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत कर्फ्यू लगा दिया गया था। अतिआवश्यक सेवाओं को शिथिल करते हुये आमजन को घर से बाहर निकलने के लिये निषेध किया गया था, किन्तु बदली हुई वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये सब्जी मंडी दत्तपुरा निम्न शर्तो के अधीन खोलने की अनुमति कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने प्रदान की है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि 6 वाय 6 के चबूतरे पर दुकानदार अपनी सब्जी का विक्रय करेगा। एक ही परिवार के व्यक्ति को एक ही दुकान दी जावेगी। बाहर से सब्जी विक्रेता थोक सब्जी मंडी में सब्जी का विक्रय करेंगे। सब्जी दुकान खोलने का समय प्रात: 7 से प्रात: 11 बजे तक रहेगा। सब्जी मंडी में किसी भी प्रकार के ठेले पर सब्जी का विक्रय नहीं किया जावेगा। सभी क्रेताओं एवं विक्रेताओं को लगातार मास्क पहनना होगा। शासन के नियमानुसार सोशल डिस्टेंस का पालन करना व कराना अनिवार्य होगा।

## गिरदावरी कार्य हेतु विशेष अभियान 1 से 25 अगस्त तक

**मुरैना।** आयुक्त भू अभिलेख बन्दोबस्त ग्वालियर के आदेशानुसार फ़सल गिरदावरी मौसम खरीफ वर्ष 2020 में गिरदावरी कार्य हेतु विशेष अभियान 1 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत गिरदावरी कार्य पूर्ण किया जाना है। पिछले खरीफ रबी गिरदावरी में काफी त्रुटियां पटवारियों द्वारा की गई है। कई हल्कों के किसानों द्वारा अपने खसरे नंबरों में गलत फ़सल इन्द्राज करने की शिकायत की थी।

## ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे लाईन हेतु भू-अर्जन की कार्यवाही संबंधी बैठक आज

**मुरैना।** कमिश्नर चंबल संभाग श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में ग्वालियर श्योपुर रेल्वे लाईन हेतु भूमि अर्जन किये जाने के संबंध में समीक्षा बैठक 5 अगस्त को दोपहर 12 बजे चंबल भवन में आयोजित की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर, मुरैना-श्योपुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंग

## ब्लॉक समन्वयक वाटर शैड जनपद सबलगढ़ सतेन्द सिंह यादव को कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** शासकीय कार्य में नियम विरूद्ध कार्य करने एवं शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में ब्लॉक समन्वयक वाटर शैड (संविदा) जनपद पंचायत सबलगढ़ सतेन्द्र सिंह यादव को चंबल कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है कि नोटिस का जबाव 3 दिवस के अंदर कारण सहित प्रस्तुत करें। स्पष्ट जबाव प्राप्त न होने पर सतेन्द्र सिंह यादव के विरूद्ध संविदा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

## जिले में विभागीय जिम आज से पुनः खुलेंगी

**मुरैना।** संभागीय खेल और युवक कल्याण अधिकारी श्री कुशवाह ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में संचालित जिम कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये जिम को बंद करा दिया गया था। वर्तमान में अनलॉक-3 के निर्देश भारत सरकार द्वारा जारी किये गये है। जिसके पालन में पुन: विभागीय जिम 5 अगस्त से प्रारंभ कर दी गई है। जो लोग विभागीय जिम का उपयोग करना चाहते है।

# इलेक्ट्रॉनिक स्वरुप में उपलब्ध अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि 04 अगस्त से होंगी जारी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम, 2020 के नियम 94 एवं 105 के अधीन इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में उपलब्ध अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपियों को प्राधिकृत वेबपोर्टल एवं प्राधिकृत सेवा प्रदाता के माध्यम से 4 अगस्त से जारी की जाएगी। कलेक्टर, राजस्व अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के माध्यम से नागरिकों को अभिलेखों की प्रतिलिपि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए प्रदान की जाएगी। इस कार्य में वह नये अभिलेख होंगे जिन्हें रिकॉर्ड रूम से स्कैन कर भूलेख पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है तथा आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर उपलब्ध राजस्व प्रकरणों में पारित आदेश की प्रति होगी। उक्त सेवा प्रारंभ होने से आमजन को पुराने स्कैन अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि तत्काल कहीं से कभी भी ऑनलाइन प्राप्त हो सकेगी। प्राधिकृत वेबपोर्टल ूण्उचइीनसमाीण्हवअण्पद पर पब्लिक यूजर, पंजीकृत होकर उक्त अभिलेखों की डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतिलिपि निर्धारित शुल्क का भुगतान कर प्राप्त कर सकता है। नागरिकों को लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, तहसील कार्यालय में स्थित आई.टी. सेन्टर एवं ऑनलाइन के माध्यम से उक्त अभिलेखों की प्रतिलिपि प्राप्त की जा सकती है। राजस्व न्यायालयों में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 या किसी अधिनियमिति के अधीन पंजीकृत किये जाने वाले मामलों में जमा की जाने वाली कोर्ट फीस, इश्तहार शुल्क एवं तलबाना आदि को समाप्त कर प्रकरण पंजीयन की फीस मात्र 100 रूपए रहेगी। राजस्व न्यायालयों में प्रस्तुत किये जाने हेतु आवेदन लोक सेवा केंद्र एवं एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से भी जमा किये जाते है। उक्त केन्द्रों द्वारा भी प्रकरण पंजीयन फीस मात्र 100 रुपए निर्धारित की गई है।

# हम वृक्षों को अपना समझें, हमारे जीवन की डोर जुड़ी है इनसे : सिकरवार

## मंत्रोउच्चार के साथ पेड़ो को बांधे रक्षा सूत्र , लिया संरक्षित करने का संकल्प



**मुरैना।** भारतीय संस्कृति में पेड़ो को जीव के रूप में मान्यता दी गई है। पेड़ो में जीवन होता है। पेड़ो को काटना पाप के समान है। धरती पर पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कि जा सकती है। इसलिए इन्हें संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। यह बात मप्र शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने रक्षाबंधन पर पेड़ो को रक्षा सूत्र बांधते हुए कही। मप्र शिक्षक संघ द्वारा रविवार को पुरानी हाउसिंग बोर्ड स्थित पार्क में पेड़ो को रक्षा सूत्र बांधकर संरक्षण करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सभी तहसील ब्लॉक इकाइयों द्वारा पूरे जिले में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ सिकरवार ने कहा कि पेड़ों की सुरक्षा के लिए इससे बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता कि हम वृक्षों को अपना समझें। हमारे जीवन की डोर वृक्षों के साथ जुड़ीं हैं। एक वृक्ष 16 लोगों को सांसें प्रदान करता है। वृक्ष ही नहीं रहेंगे तो हम सांस कहां से लेंगे। बारिश कहां से होगी। इसलिए पेड़ों को हम अपने परिवार का हिस्सा समझें। अधिक से अधिक पेड़ लगाए संरक्षित कर दूसरो को भी इस अभियान से जोड़े। शिक्षक पर्यावरण के लिए विशेष तौर पर अभियान चलाए। इस तरह वे विद्यार्थियों में पेड़ो के प्रति लगाव पैदा कर सकते है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विमलेश यादव, रामावतार सिकरवार, बिजेंद्र सिंह सिकरवार डीपी, सतंजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कोरोना महामारी को लेकर टास्क फोर्स के प्रमुख भी बन सकते हैं द्रविड़



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह कोरोना महामारी को लेकर एक टास्क फोर्स का गठन भी करेगी। इसमें नेशनल क्रिकेट अकैडमी (एनसीए) के प्रमुख राहुल द्रविड़ भी शामिल होंगे। बीसीसीआई ने अपनी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में राज्य संघों को यह जानकारी दी है। एनसीए प्रमुख होने के कारण द्रविड़ इस टास्क फोर्स के भी अध्यक्ष हो सकते हैं। एसओपी के अनुसार, खिलाड़ियों को अपने-अपने केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू करने से पहले एक सहमति फॉर्म पर भी हस्ताक्षर करना होगा। इसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र या स्वास्थ संबंधी परेशानी का सामना कर रहे किसी व्यक्ति के शिविर में भाग लेने पर रोक है। बेंगलुरू एनसीए में ट्रेनिंग बहाली के लिए, कोवड-19 टास्क फोर्स में द्रविड़, एक चिकित्सा अधिकारी, एक स्वच्छता अधिकारी के अलावा बीसीसीआई एजीएम, क्रिकेट संचालन शामिल होंगे।

उनकी जिम्मेदारियों में 'स्पष्ट और नियमित रूप से खिलाड़ियों के साथ संवाद करना, खतरे को प्रबंधित करने के लिए किए जा रहे उपाय का उल्लेख करने के साथ ही कोविड-19 से जुड़े मामलों के बारे में जानकारी' देना भी शामिल है। खिलाड़ियों और राज्यों के केंद्र की तरह एनसीए में भी क्रिकेटरों को ट्रेनिंग शुरू करने से पहले एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। एसओपी के अनुसार, 'ट्रेनिंग की बहाली से पहले कोविड-19 संक्रमण की संभावना का पता लगाने के लिए एनसीए के प्रशासनिक कर्मचारियों सहित सभी खिलाड़ियों और कर्मचारियों का कोविड-19 (आरटी-पीसीआर) टेस्ट भी किया जाएगा। वहीं सभी खिलाड़ियों को भी इस एसओपी में निर्धारित सभी प्रोटोकॉल का पालन करने और कोविड-19 रोकथाम के संदर्भ में समय-समय पर जारी किए गए विभिन्न सरकारी आदेशों का पालन करने के लिए लिखित में सहमति देनी होगी।%

वहीं बीसीसीआई की ओर से जारी दिशानिर्देशों के मुताबिक, 'खिलाड़ियों, कर्मचारियों और हितधारकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधित चीजों की जिम्मेदारी राज्य क्रिकेट संघों की होगी।'

## इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज ड्रॉ रहना भी जीत की तरह होगा - अफरीदी



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि अगर बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रही तीन मैचों की क्रिकेट सीरीज ड्रॉ भी रहती है तो भी यह जीत की तरह ही होगी। उनकी टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज ड्रॉ रहना भी उनकी टीम के लिए जीत की तरह ही होगा। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट साउथैम्पटन में बुधवार से खेला जाना है। अफरीदी ने कहा, 'इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में हालात काफी कठिन रहते हैं, इसलिए मेरा मानना है कि अगर पाक टीम यह सीरीज ड्रा कराने में भी सफल रहती है तो भी यह जीत से कम नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक, बल्लेबाजी कोच यूनुस खान, गेंदबाजी कोच वकार युनूस और स्पिन कोच मुश्ताक अहमद को इंग्लैंड में खेलने का काफी लंबा अनुभव है। अफरीदी ने कहा, 'इस तरह का प्रबंधन होना हमारी टीम के लिए काफी लाभदायक होगा। मेरा मानना है कि इन अनुभवी खिलाड़ियों के रहते टीम को अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।' साथ ही कहा कि उन्हें कप्तान बल्लेबाज बाबर आजम से कुछ अच्छी पारियों की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मुझे नहीं लगता कि उन पर कप्तानी का अधिक दबाव होगा। उनके खेल में सुधार आया है और चुनौतियां उन्हें भी पसंद हैं।



जर्मनी में डोरमंट क्लब के फुटबॉलर खेलते हुए।

## कोरोना जांच के बाद यूएई रवाना होगी सीएसके




**मुम्बई ।** चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाड़ी आईपीएल के लिए सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात जाएंगे। खिलाड़ियों को यूएई जाने के लिए चेन्नै में कोरोना वायरस टेस्ट होगा। यह जानकारी फ्रैंचाइजी से जुड़े एक अधिकारी ने दी। सीएसके ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और अन्य चीजों को लेकर लीग की गवर्निंग काउंसिल से संपर्क किया था और उसे इस संबंध में आश्वासन मिल गया है। सुपर किंग्स के सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाने की उम्मीद है, पर वह भी 20 अगस्त के बाद ही यूएई जा सकेंगी। एक सीएसके के एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल तोड़ने का सवाल ही नहीं है, और सुपर किंग्स फिर भी सबसे पहले यूएई जाने की कोशिश करेगी। इस बारे में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के साथ होने वाली बैठक में अंतिम निर्णय किया जाएगा। यूएई जाने से पहले हम एक छोटा सा शिविर भी लगाने का प्रयास करेंगे। भारत में शिविर लगाने की संभावना हालांकि कम है।' इस पर अधिकारी ने कहा कि टीम के खिलाड़ी कोरोना वायरस टेस्ट कराएंगे और फिर चेन्नै से यूएई रवाना होंगे। इस अधिकारी ने कहा, 'धोनी और टीम के बाकी खिलाड़ी अपने टेस्ट कराकर ही चेन्नै आएंगे और फिर हम अगले 48 घंटों में उड़ान भरने का प्रयास करेंगे। अभी हम सरकार की तरफ से सभी तरह की मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं, एक बार जब वो मिल जाएगी तो हम वीजा की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।'

## खेल पंचाट ने यूएई की अपील खारिज की

**लुसाने ।** खेल पंचाट (कैस) ने यूएई के उन आरोपों को खारिज कर दिया है। जो उसने 2019 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार के बाद कतर पर लगाये थे। कतर ने अबु धाबी में सेमीफाइनल में 4-0 से यूएई को हरा दिया था। इसके बाद उसने पहली बार एशियाई कप का खिताब भी जीता था। यूएई ने सेमीफाइनल में हार के बाद विरोध दर्ज कराया था कि कतर के स्टार फारवर्ड अलमोएज अली और डिफेंडर बसाम अल रावी की मां का जन्म कतर में नहीं हुआ था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) और फिर उसकी अपील समिति ने यूएई के इस तर्क को खारिज कर दिया था। यूएई महासंघ ने इसके बाद खेल पंचाट में अपील की। कैस ने मार्च में सुनवाई की थी और उसने कहा कि अली की मां का जन्म कतर में हुआ और उनके पास कतर और सूडान की दोहरी नागरिकता है।

## सीए ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज स्थगित की

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज को स्थगित कर दिया है। यह सीरीज टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आयोजित हो रही थी, पर कोरोना महामारी को देखते हुए टी20 विश्व कप टूर्नामेंट को पिछले महीने स्थगित कर दिया गया था। उसके बाद दोनो ही क्रिकेट बोर्ड ने आम सहमति से इस टी20 सीरीज को भी स्थगित कर दिया है। सीए ने ट्वीट किया, 'वेस्टइंडीज क्रिकेट के साथ मिलकर हम टी20 सीरीज को स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं, इसका आयोजन अक्टूबर में क्वीन्सलैंड में होना था।' सीए ने कहा, 'यह सीरीज आईसीसी टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम सीरीज थी और अब इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 2021 या 2022 में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले ही किया जाएगा।' दोनों ही देशों के शीर्ष खिलाड़ी अब 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हिस्सा लेंगे इसका आयोजन यूएई में किया जाएगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज को भी स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में अब ऑस्ट्रेलियाई टीम को सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड का सीमित ओवरों का दौरा करना है हालांकि इस सीरीज को लेकर भी संशय बढ़ा हुआ है।

## बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे अजहर और बाबर



**दुबई ।** पाकिस्तान के कप्तान अजहर अली और उपकप्तान बाबर आजम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरु हो रही तीन क्रिकेट मैचों की टेस्ट श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। इन दोनो का लक्ष्य अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपना स्थान बेहतर करना होगा। अभी अजहर ताजा रैंकिंग में 27वें स्थान पर है। वहीं बाबर अभी रैंकिंग में छठे स्थान पर हैं। अब उनकी नजरें शीर्ष पांच खिलाड़ियों में आने पर रहेंगी। असद शफीक 18वें और शाह मसूद 33वें स्थान पर हैं। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास अभी 13वें, लेग स्पिनर यासिर शाह 24वें और बायें हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी 32वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर इंग्लैंड के ऑलराउंडर स्टोक्स वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाजों में आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस नंबर एक पर जबकि इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड तीसरे नंबर पर हैं। बल्लेबाजों में स्टोक्स चौथे और कप्तान जो रूट नौवें स्थान पर है।

## अमेजन इंडिया ने लुधियाना में खोला नया पूर्ति केंद्र




**नई दिल्ली।** ई-वाणिज्य कंप अमेजन इंडिया ने पंजाब के लुधियाना में नया पूर्ति केंद्र खोला है। कंपनी देशभर में अपने आपूर्ति केंद्रों (गोदामों) के नेटवर्क का विस्तार कर रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा यह नया आपूर्ति केंद्र उसकी भंडारण विस्तार योजना का हिस्सा है। इसकी भंडारण क्षमता तीन लाख घन फुट है। यह दोराहा इलाके में है। यहों फर्नीचर जैसे बड़े सामान भी रखे जा सकते हैं। इसी के साथ अमेजन इंडिया के लुधियाना में दो आपूर्ति केंद्र हो गए हैं। इनकी कुल भंडारण क्षमता साढ़े चार लाख घन फुट से अधिक है। कंपनी की परिवहन सेवा के निदेशक अभिनव सिंह ने कहा कि कंपनी के गोदाम राज्यभर के हजारों विक्रेताओं की मदद करेंगे और उन्हें राज्यभर में अपने ग्राहक बनाने में सहायता करेंगे।

## अपडेट्स देने के मामले में वनप्लस का जवाब नहीं

**नई दिल्ली।** वनप्लस कंपनी अपने सभी यूजर्स का ख्याल रखती है। यूजर्स को समय-समय अपडेट्स देती रहती है। नए सॉफ्टवेयर अपडेट्स देने के मामले में वनप्लस का कोई जवाब नहीं। इसके अलावा कस्टम आक्सीजन ओएस का परफॉर्मेंस भी स्टॉक ऐंड्रॉयड जैसा ही मिलता है और यह काफी स्मूद है। कंपनी अब वन प्लस 6 और वनप्लस 6टी को लेटेस्ट अपडेट दे रही है, इसके साथ उन्हें वनप्लस बुडस का सपॉर्ट भी मिल रहा है। वनप्लस ने अपने इन पुराने स्मार्टफोन्स को आक्सीजन ओएस 10.3.5 अपडेट दिया है और इस अपडेट के साथ कई इंप्रूवमेंट्स भी किए गए हैं। नए वनप्लस बड्स का सपॉर्ट तो डिवाइसेज को मिला ही है।

## मारुति ने बेच डालीं 1 लाख से ज्यादा कारें

### -जून के मुकाबले जुलाई में बेच दिए दोगुने व्हीकल्स




**नई दिल्ली।** कार बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी ने जुलाई 2020 में अपनी सेल जून 2020 के मुकाबले दोगुनी कर दी। मारुति सुजुकी ने जून के मुकाबले जुलाई में लगभग दोगुने वीकल्ज सेल किए। जून में जहां कंपनी ने 57,428 यूनिट्स बेचने में कामयाब रही थी वहीं जुलाई में यह आंकड़ा 108,064 यूनिट्स हो गया। भारत में मारुति ने जुलाई महीने में 1 लाख से ज्यादा यूनिट्स डोमेस्टिक मार्केट में बेच दी। जुलाई 2020 में कंपनी ने 101,307 यूनिट्स सेल की। वहीं जुलाई 2019 में यह आंकड़ा 100,006 था। इस तरह कंपनी ने 1.3 पर्सेंट की इयर ऑन इयर ग्रोथ रजिस्टर की। मारुति सुजुकी ऑल्टो, एस-प्रेसो, वैगन आर, सिलैरियो, स्विफ्ट, बलेनो, डिजायर जैसो मॉडल्स की डिमांड सबसे ज्यादा रही।

वही वितारा ब्रेजा, इरटीगा, एस-क्रास की सेल में भी 26.3 प्रतिशत की ग्रोथ देखने को मिली। मारुति नई सस्ती कार लाने की प्लानिंग भी कर रही है। मारुति की यह कार भारत में ऑल्टो 800 को रिप्लेस करेगी। एमके ग्लोबल फाइनेंसीयल सरवीसेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी भारत में बीएस6 डीजल इंजन मॉडल भी फिर से लाने की प्लानिंग कर रही है। कंपनी ब्रेजा, सियाज, अर्टिगा और एक्सएल6 को बीएसवीआई कंप्लायंट डीजल इंजन के साथ लाने की तैयारी कर रही है। इन मॉडल्स मं 1.5 लीटर डीजल इंजन दिया जा सकता है। कंपनी की नई हैचबैक कार में 800सीसी इंजन दिया जाएगा जो 47बीएचपी पावर और 69 एनएम टॉर्क जनरेट करती है। कंपनी इस कार को मैनुअल और एएमटी दोनों ट्रांसमिशन के साथ लॉन्च कर सकती है। बता दें ?कि कोरोना वायरस संक्रमण के चलते बाजार में वीकल्ज की डिमांड काफी कम हो गई थी। लॉकडाउन में छूट मिलने के बाद कंपनियों के सेल में भी धीरे धीरे काफी सुधार आया है। वहीं वाहनों की डिमांड भी अब धीरे धीरे काफी बढ़ रही है।

# होम आईसोलेशन की अनुमति कदापि न दें : कलेक्टर

## कोरोना संक्रमण पर प्रभावी अंकुश के लिये बनाई रणनीति को लागू करने को लेकर हुई अहम बैठक

**ग्वालियर।** बिना लक्षण वाले कोरोना संक्रमित मरीजों को भी होम आईसोलेशन की अनुमति कदापि न दी जाए। कोरोना संक्रमितों को हर हाल में सरकारी कोविड केयर सेंटर अथवा पेड आईसोलेशन सेंटर में भिजवाएँ। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी इंसीडेंट कमांडर को दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोरोना संक्रमित मरीजों को तत्परता के साथ बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, जिससे किसी भी संक्रमित मरीज की मृत्यु न हो। बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये जिला प्रशासन ने अगले 10 दिनों के लिये विशेष रणनीति बनाई है। इस रणनीति को लागू करने के सिलसिले में कलेक्टर श्री सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने मंगलवार को इंसीडेंट कमांडर एवं उनके साथ संलग्न पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। यहाँ बाल भवन में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि घर पर ही आईसोलेट कोरोना संक्रमित मरीजों द्वारा कोरोना गाइडलाइन का पालन न किए जाने से कोविड संक्रमण बढ़ता है। इसलिये होम आईसोलेशन को रोकें। विशेष परिस्थिति में होम आईसोलेशन की अनुमति देने के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा को अधिकृत किया गया है। अत्यंत आवश्यक होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा लिखित में वाजिब कारण बताए जाने पर जिला पंचायत के मुख्य



कार्यपालन अधिकारी द्वारा होम आईसोलेशन की अनुमति दी जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा शहर में पूर्व से संचालित निजी कोविड सेंटर के साथ-साथ पेड होम आईसोलेशन की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। फिलहाल गोले का मंदिर के समीप स्थित होटल सुरूचि को पेड होम आईसोलेशन सेंटर के रूप में अधिकृत किया गया है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने केन्टोनमेंट जोन में कोरोना गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि केन्टोनमेंट जोन में पुख्ता बेरीकेटिंग की जाए। साथ ही जागरूकता के लिये पर्चे भी चिपकाए जाएँ। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि केन्टोनमेंट क्षेत्र में शामिल घरों में खान-पान सामग्री की आपूर्ति सप्लाई चैन के माध्यम से नियमित रूप से होती रहे। उन्होंने कहा कोरोना संक्रमित मरीज के क्लोज कॉन्टेक्ट वाले लोगों की कोरोना गाइडलाइन के अनुसार जाँच कराएँ। साथ ही सस्पेक्टेड लोगों को सरकारी अथवा पेड सेंटर में उनकी मर्जी के मुताबिक क्वारंटाइन जरूर कराएं। पुलिस अधीक्षक श्री सांघी ने कहा क्वारंटाइन क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को हर दिन की गतिविधियों को दर्ज करने के लिये बुकलेट प्रदान की जाएं। इन बुकलेट में पुलिसकर्मियों द्वारा खासतौर पर अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण, सेनेटाइजेशन और सप्लाई चैन के बारे में जानकारी भरी जाएगी । बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, श्री टी एन सिंह व श्री रिंकेश वैश्य, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. राजावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही के गुप्ता, जिले के सभी इंसीडेंट कमांडर व उनके साथ संलग्न पुलिस अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमित मरीज की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण गंभीर मरीजों का देर से अस्पताल पहुँचना है। यह बात सामने आई है कि ऐसे मरीज पहले निजी अस्पतालों में अन्य बीमारियों का इलाज कराते रहते हैं और जब स्थिति गंभीर हो जाती है तब वह सरकारी अस्पताल में पहुँचते हैं। इसलिए हर दिन स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर के माध्यम से निजी अस्पतालों में आए मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त करें, जो निजी अस्पताल यह जानकारी न दें उन्हें सील्ड करने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने वार्ड समितियों को सक्रिय करने पर भी बल दिया और कहा वार्ड समितियों की बैठक लेकर गंभीर मरीजों का पता लगाया जा सकता है। सभी इंसीडेंट कमांडर को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि वे दिन में कम से कम दो बार संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ शहर के बाजारों का निरीक्षण करें। दुकानों के सामने सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिये गोल घेरा बनवाएं और ग्राहक इन्हीं गोल घेरों के भीतर खड़े हों। साथ ही सभी दुकानदार व ग्राहक मास्क लगाएं। जो दुकानदार गोल घेरा न बनवाकर कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करें तो उनकी दुकानों को बंद (सील्ड) कराएँ। कलेक्टर ने शहर में विभिन्न स्थानों पर खड़े होने वाले दिहाड़ी श्रमिकों से भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिये गोल घेरे बनवाने के लिये नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि हाल ही में बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं में अधिक संख्या में कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं। इसलिये सभी बैंकर्स को साफतौर पर ताकीद कर दें कि वे अपने बैंक शाखा में कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराएँ, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसी तरह सरकारी एवं निजी दफ्तरों में भी कोरोना गाइडलाइन का पालन कराया जाए। आपात स्थिति में गंभीर मरीजों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुँचाने के लिये अब मोतीमहल स्थित स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर पर 24 घंटे पाँच एम्बूलेंस मय ऑक्सीजन सुविधा के मौजूद रहेंगीं।

# वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर दिया पर्यावरण को संरक्षण का संदेश



**ग्वालियर।** रक्षाबंधन का पर्व सुख समृद्धि के साथ रक्षा के वचन के साथ पूर्ण होता है। रक्षा किसी की भी करनी हो यह हमारे ऊपर निर्भर करता है क्योंकि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये वृक्ष लगाना आवष्यक है। सावन में वृक्ष तो अधिकांष लोग लगाते हैं परन्तु उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाने में हम काफी पीछे है। इस अहसास को समझते हुये राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई माधव महाविद्यालय द्वारा डॉ. संजय कुमार पाण्डेय वरिश्ठ कार्यक्रम अधिकारी राश्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व में वृक्षों के संरक्षण के लिये पौधों को राखी बांधकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जवाबदारी छात्र/छात्राओं ने ली। कोविड-19 कोरोना महामारी से जूझ रहा विष्व आम लोगों की सुरक्षा के लिये कई प्रकार के प्रयास कर रहा है। भारत सरकार द्वारा जनहित में सुरक्षा के लिये पर्यावरण संरक्षण में छात्रों ने रक्षाबंधन के रक्षा सूत्र को वृक्षों से बांधकर उनको संरक्षित करने का संकल्प लिया। यह पुनीत कार्य संरक्षण करते रहेंगे। वृक्ष हमारे जीवन का प्राण वायु है क्योंकि वृक्ष के बिना हम अपने जीवन का कल्पना नहीं कर सकते। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि कोरोना संकटकाल में ऑक्सीजन की जो कमी हो रही है यदि हम अपने वृक्षों व पर्यावरण को संरक्षित रखेंगे जो हमें ऑक्सीजन की कमी को पूर्ण कर सकते हैं। कोविड-19 के समय कृत्रिम ऑक्सीजन की भी कमी हो रही है जिसे हमें इस संकटकाल के समय मूल्य देकर भी नहीं ले पा रहे हैं। यदि पर्यावरण संरक्षित रहेगा तो यह हमें ऑक्सीजन प्राकृतिक निषुल्क प्राप्त होगी। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक तरूण रोहिरा, अंकुर चौरसिया, हेमन्त मांझी, अनुरूद्ध षर्मा, विनय प्रताप, कु. प्रियंका किरार, अनुभव दीक्षित आदि उपस्थित थे।

# वंदेमातरम् गायन के बाद शासकीय सेवकों ने शुरू किया अपना कार्य

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वंदेमातरम् गायन के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद ही अपने कार्य की शुरूआत की जाती है। अगस्त माह में प्रथम कार्य दिवस मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे संभागीय कार्यालय मोतीमहल ग्वालियर में उपायुक्त विकास श्री शिवप्रसाद की उपस्थिति में वंदेमातरम् का



कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें संभागीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट में एडीएम श्री किशोर कन्याल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वंदेमातरम् गायन के कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत अपना शासकीय कार्य शुरू किया। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह मे एक अगस्त को ईद, 2 अगस्त को रविवार एवं 3 अगस्त को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण शासकीय सेवकों ने 4 अगस्त को अपने-अपने कार्यालय पहुँचकर वंदेमातरम् के गायन में भाग लिया।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आहवान पर

# महिला कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आहवान पर कल पांच अगस्त को अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्री राम के मंदिर शिलान्यास से पूर्व आज प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस निधि शर्मा के नेतृत्व में मंदिर पहुंच कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता कल्पना सेंगर, वीना भारद्वाज, ममता रजक, रानू शर्मा, तनवीर शर्मा, मोनिका मित्तल, आदि भी मौजूद रही। ज्ञातव्य है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के नेता स्वर्गीय राजीव गांधी का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो इसीलिए उन्होंने राम लला की पूजन के लिए मंदिर का ताला खुलवाया था, लेकिन कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता और न्यायिक प्रणाली में विश्वास रखती है इसलिए राम मंदिर के निर्माण के लिए न्यायिक प्रक्रिया का समर्थन करती थी ,अब जबकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए फैसला दिया जा चुका है अयोध्या में भव्य राम मंदिर का कांग्रेस समर्थन करती है ।

### 15 अगस्त को पुलिस और सेना किले पर बजाएगी बैंड शाम को होगा भव्य आयोजन

**ग्वालियर।** किले पर पुलिस और सेना का संयुक्त रुप से 15 अगस्त को प्रोग्राम होगा । किले पर 15 अगस्त के दिन शाम को भव्य देशभक्ति आयोजन होने जा रहा है । इसमें इस बार पुलिस के साथ सेना भी शामिल रहेगी । एसपी अमित सांघी किले पर आयोजन स्थल के निरीक्षण के लिये आज सुबह पहुंचे । उनके साथ पुलिस व प्रशासन के अफसर भी थे । यहां उन्होंने आयोजन स्थल का मुआयना किया ।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र में भिंड रोड पर कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है! जानकारी के अनुसार चरण सिंह नामक वृद्ध अपनी साइकिल से भिंड रोड पर जा रहे थे तभी एक कार नंबर एमपी07 सीएफ 6435 ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी! इस घटना में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है!

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478